Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874


नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 210 | शुक्रवार, 01 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ट्रंप के टैरिफ का भारत ने दिया करारा जवाब!

# 'भारत मृत अर्थव्यवस्था नहीं दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था'

**नई दिल्ली।**



व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया। इसके जवाब में वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और भारत दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। एक दशक से भी कम समय में भारत कमजोर अर्थव्यवस्था से निकल कर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। ट्रंप की तरफ से भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को गोयल ने संसद को बताया कि भारत आत्मनिर्भरता की ओर आत्मविश्वास के साथ बढ़ रहा है। सरकार 25 प्रतिशत के शुल्क से पड़ने वाले प्रभावों का परीक्षण कर रही है। संसद के दोनों सदनों के अलग-अलग अपने संबोधन में गोयल ने फिर से यह साफ कहा कि सरकार किसान, श्रमिक, उद्यमी, निर्यातक व एमएसएमई से जुड़े सभी के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है। उन्होंने फिर से दोहराया कि हम अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने और आगे बढ़ने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। अमेरिका भारत के कृषि और डेयरी सेक्टर के बाजार को अपने लिए खुलवाने को लेकर भारत पर दबाव बना रहा था। अमेरिका यह भी चाहता था कि उसे भारत में शुल्क मुक्त तरीके से अनाज के साथ जेनेटिकली मोडिफाइड सोयाबीन और मक्का बेचने की इजाजत दी जाए, लेकिन किसानों के हितों को देखते हुए भारत ने ऐसा करने से साफ मना कर दिया। इसके बाद ही अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुमार्ना लगाने का ऐलान कर दिया। गोयल ने संसद को यह भी बताया कि भारत और अमेरिका ने इस साल मार्च में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की है जिसका लक्ष्य इस साल अक्टूबर-नवंबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना है। दोनों पक्षों के बीच इस दिशा में चार दौर की बैठकें हुई हैं। इसके अलावा वर्चुअल तरीके से भी कई बैठकें की गई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था पर ट्रंप के बयान के बाद गोयल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान हमारे निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हुई है। भारत ने यूएई, आस्ट्रेलिया, एवं यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते किए हैं और हम अन्य देशों के साथ भी इसी तरह के व्यापार समझौते करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### किसान, श्रमिक, उद्यमी पर सरकार का जोर

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों से संवाद कर इस विषय पर उनके आकलन की जानकारी ले रहा है। भारत ने यूएई, आस्ट्रेलिया, एवं यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन ( एफ्टा) के देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते किए हैं और हम अन्य देशों के साथ भी इसी तरह के व्यापार समझौते करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती



**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत कल से 33.50 रुपये कम कर दी गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 33.50 रुपये की कमी की गई है, जो 1 अगस्त 2025 से प्रभावी होगी। नई कीमतें लागू होने के बाद दिल्ली में 1 अगस्त से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1631.50 रुपये हो जाएगी, जिसकी मौजूदा कीमत 1665.00 रुपये है। हालांकि आम उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिली है। 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडरों के दामों की समीक्षा की जाती है। इस बार बदलाव केवल कमर्शियल सिलेंडर पर सीमित रहा है।

## करुण ने आठ साल बाद खेली 50+ रन की पारी



**लंदन।** भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा लेकिन गस एटकिंसन और जोश टंग की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन ओवल में मेहमान टीम का पहली पारी में स्कोर छह विकेट पर 204 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। एटकिंसन (31 रन पर दो विकेट) और टंग (47 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों में नायर के अलावा उसका कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया।

## विपक्ष का एसआईआर और ट्रंप टैरिफ के मुद्दे पर हंगामा

**नई दिल्ली।**



ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद भले ही विपक्षी रवैए में बदलाव की उम्मीद की जताई जा रही थी, लेकिन बिहार की मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर ) और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से लगाए गए कारोबार टैक्स ( ट्रंप टैरिफ) के मुद्दे पर उनका रवैया जस का तस है। गुरुवार को भी संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की है। इस दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को कई बार स्थगित भी करना पड़ा, लेकिन उनका हंगामा जारी रहा। इस दौरान दोनों ही सदनों का काम-काज पूरी तरह से ठप रहा। बाद में दोनों सदनों की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने तो सदन के खराब हो रहे समय का हवाला देते हुए नारेबाजी कर रहे विपक्षी सांसदों से शून्य काल और प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया लेकिन वे नहीं मानें। इस दौरान सदन की कार्यवाही को पहले दो बजे, फिर चार बजे तक के लिए और बाद में दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों ही सदनों में विपक्ष की ओर से भले ही सबसे ज्यादा शोर और हंगामा एसआइआर और ट्रंप टैरिफ को लेकर किया जा रहा था लेकिन विपक्ष ने इसके अतिरिक्त भी कई मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा का नोटिस दिया था। इनमें आश्चर्यजनक रूप से राज्यसभा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक हुए इस्तीफे को लेकर भी चर्चा की मांग की थी। इसके साथ ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़े अत्याचार व बंगाली मजदूरों के साथ भेदभाव आदि मुद्दे पर चर्चा मांगी गई थी।

राज्यसभा में विपक्ष ने गुरुवार को इन मुद्दों पर कुल 28 नोटिस दिए थे। जिसे उपसभापति ने खारिज कर दिया गया। इससे पहले 'निसार' सेटेलाइट के सफल प्रक्षेपण पर इसरो और वैज्ञानिकों को सदन ने बधाई भी दी ।

## माणिकराव कोकाटे से छिना कृषि विभाग

**मुंबई।**



एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें कृषि मंत्री कोकाटे विधानसभा में बैठे मोबाइल में 'रमी' गेम खेल रहे थे। इसे लेकर विपक्ष ने कोकाटे को घेरा था। महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान रमी खेलने के आरोपों का सामना कर रहे मंत्री माणिकराव कोकाटे की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। देवेंद्र फडणवीस सरकार ने उनसे कृषि विभाग वापस ले लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) इसे लेकर जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वर्तमान खेल मंत्री और एनसीपी नेता दत्तात्रेय भरणे को उनकी जगह नया कृषि मंत्री बनाया गया है। वहीं, कोकाटे को खेल और युवा कल्याण मंत्री बनाया गया है। साथ ही वे अल्पसंख्यक विकास और औकाफ विभागों के भी प्रभारी होंगे।

## भारत की रिफाइनरियों ने रूस से तेल खरीदना किया बंद

**नई दिल्ली।**



भारत की सरकारी तेल रिफाइनरियों ने पिछले सप्ताह रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया, क्योंकि इस महीने छूट कम हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को मॉस्को से तेल नहीं खरीदने की चेतावनी दी है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। साथ ही यह रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, जो मॉस्को के लिए राजस्व कमाने का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। सूत्रों ने बताया कि देश की सरकारी रिफाइनरियों-इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और मेंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड ने पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की कोई मांग नहीं की है।

## जापान को पछाड़ा

# तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बना भारत

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए सौर ऊर्जा उत्पन्न करने में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) के आंकड़ों का हवाला देते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत अब तक 1,08,494 गीगावाट आवर (जीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा का उत्पादन कर चुका है, जबकि जापान ने 96,459 जीडब्ल्यूएच सौर उर्जा उत्पन्न की है।

एक एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए जोशी ने कहा कि भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में अग्रणी है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रहा है। इस दिशा में भारत की प्रगति न केवल ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देगी, बल्कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भी एक मजबूत कदम साबित होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, सौर पीवी क्षमता वृद्धि में चीन सबसे आगे है। इसने 2023 में 260 गीगावाट की वृद्धि की, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तिगुना है। 2022 में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में कार्यान्वयन के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिनसे क्षमता वृद्धि को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अमेरिका ने 2022 में मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम (आईआरए) में सौर पीवी के लिए उदार नई धनराशि शामिल की।

# 25% अमेरिकी टैरिफ आज से होगा लागू

**नई दिल्ली।**

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार करीब 130 अरब डॉलर का है और इसमें भारत का निर्यात करीब 87 अरब डॉलर का है। भारतीय उद्योगों की तरफ से अमेरिका को उत्पादों से लेकर सेवाओं तक का निर्यात किया जाता है। ऐसे में अब अमेरिका की तरफ से टैरिफ लगाए जाने के एलान के बीच इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश आज (1 अगस्त) से प्रभावी होगा। इसी के साथ भारत से अमेरिका निर्यात किए जाने वाले अधिकतर उत्पादों का वहां महंगा होना तय है। माना जा रहा है कि इससे भारतीय निर्यातकों को झटका लग सकता है, क्योंकि अमेरिका भारतीय उत्पादों का बड़ा खरीदार है और अगर भारत से भेजे जाने वाले सामान पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ जाता है तो वहां नागरिक भारतीय उत्पादों की जगह दूसरे देशों से कम टैरिफ दर पर आने वाले सामान को तरजीह दे सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करीब 130 अरब डॉलर का है और इसमें भारत का निर्यात करीब 87 अरब डॉलर का है। भारतीय उद्योगों की तरफ से अमेरिका को उत्पादों से लेकर सेवाओं तक का निर्यात किया जाता है। ऐसे में अब अमेरिका की तरफ से टैरिफ लगाए जाने के एलान के बीच इसके असर को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मसलन- भारत और अमेरिका के बीच व्यापार से जुड़े मौजूदा आंकड़े क्या हैं? भारत के किन-किन सेक्टर्स पर ट्रंप के फैसले का सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है? इसके अलावा ट्रंप ने जो रूस के साथ भारत के व्यापार को लेकर पेनाल्टी लगाने की धमकी दी है।



| सेक्टर | निर्यात |
|---|---|
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 14.6 |
| टेक्सटाइल | 11.0 |
| फार्मा | 10.5 |
| केमिकल उत्पाद | 10.0 |
| रत्न-आभूषण | 9.3 |
| कृषि उत्पाद | 5.6 |
| मरीन उत्पाद | 2.7 |
| चमड़ा | 1.0 |

स्रोत: UNCTAD (निर्यात अरब डॉलर में)

## संपादक की कलम से

# पर्यावरण को बचाना बड़ी चुनौती

रा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। देश भर के जंगलों में जिस तरह से अतिक्रमण और खनन



ललित शर्मा
संपादक

के साथ मानवीय हस्तक्षेप बढ़ा है, उससे बाघों का सुरक्षित पयार्वास खतरे में है। वनों की लगातार कटाई ने उनके लिए आहर की चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं। जंगलों के भीतर सड़कों के निर्माण और कोलाहल बढ़ने से प्राकृतिक माहौल का संतुलन बिगड़ा है। नतीजा यह कि अब बाघ जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। भोजन–पानी की तलाश में भटकते ये वन्य जीव मनुष्यों के लिए तो खतरा बने ही हैं, साथ ही उनके जीवन पर भी संकट बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच संघर्ष की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी रपट भी इस ओर इशारा करती है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2021 से 2025 के दौरान देश भर में 667 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 341 बाघों की मौत अभयारण्यों से बाहर हुई है। इस रपट ने अभयारण्यों की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को भी उजागर किया है। बाघों के लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं।

सवाल है कि अभयारण्यों में आवाजाही के लिए बने गलियारों से बाघ और तेंदुए गांवों एवं शहरों तक कैसे पहुंच जाते हैं? क्या उनके लिए जंगल छोटे पड़ रहे हैं। क्या बाघों की निगरानी के लिए अब तक मजबूत तंत्र नहीं बन पाया है? अगर कहीं बाड़बंदी नहीं है और बाघ निर्धारित दायरे से बाहर निकलते हैं, तो समय रहते ऐसी घटनाओं का पता क्यों नहीं लगाया जाता। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के बावजूद बाघों की नियमित निगरानी क्यों संभव नहीं हो पा रही है। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या जंगलों में बाघों के लिए भोजन का अभाव है? मध्य प्रदेश में दो दशकों में जिस तरह वनों की कटाई हुई है, उसका परिणाम सामने हैं। यहां चार वर्ष के भीतर अभयारण्यों से बाहर निकले नब्बे बाघों की मौत कोई साधारण घटना नहीं है। शासन व प्रशासन को बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। यह सब आधी–अधूरी योजनाओं से नहीं, बल्कि नवोन्मेषी उपायों से ही संभव हो पाएगा।

## मोनिका डागा



### फिर आई पुरवाई

कविता

फिर आई पुरवाई,
तन मन में उमंग छाई,
रिमझिम बूँदे बरसाई,
चहुँ ओर खुशियाँ छाई ।

मन में उठे मीठी हिलोर,
पवन करे स्आनंदस् शोर,
उपवनों में झूमे हैं मोर,
अमृत बरसे है घनघोर ।

कजरी गीत दे सुनाई,
सजनी सखी हर्षाई,
प्रकृति भी मुस्कुराई,
मस्ती हर मन में छाई ।

पत्ता पत्ता है डोला,
संगीत मधुर है घोला,
भीगा सतरंगी चोला,
मन हुआ बॉवरा भोला ।

कोयलिया कूके कारी,
शोभा प्रकृति की प्यारी,
ऋतु बरखा की न्यारी,
खिली देखो फुलवारी ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## वेलकम इंडिया

# भगवान शिव को समर्पित यह भावपूर्ण रचना



शि व स्वास है आस है प्यास हैमन से देह तक का उपवास है ,शिव नैन है ज्योति है सितारा है ,शिव प्राण है आपान है वेदो का ज्ञान है ,शिव आदि है अनत है ,शिव संतो मे संत है शिव वाणी मुखधारा है,शिव आस पास हर अणु कण कण का प्यारा है ,शिव आंनद कन्द मकरंद मधुर चंद मात्राओ का रुप अनुप किनारा है शिव जल थल अचल अम्बर नदी तट समुन्दर की लहरे के आवागमन का विस्तार है ,शिव रूप, अनुप अखंड अविरल बहने वाली धारा है शिव ताल थाप नृत्य संगीत का मधुर नजारा है शिव फूल, पात ,डाल,पत्तियो पर फिसलता पानी की बूंद का सरल नजारा है ,शिव काम क्रोध लोभ मोह आदि अनन्त हर रूप का अनमोल ग्रन्थ हमारा है ,शिव कौन, मै,तुम, हम,जगत की उत्पत्ति का सांराश ओर विस्तृत रूप किनारा है, शिव डोलता, कुछ बोलता शिव कुछ मौन सी गभीर धारा है ,शिव शिव शिव शिव शिवाय ओमकार, त्रिनेत्र धारी,अमृत की धारा है शिव गंगधार को धारे,त्रिशूलधारी,त्रिपुरारी, अंनतकोटि देवआदि देव पार्वती का प्यारा है ...........शिव अनन्त ना

जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ। इस विशेष दिन पर, भगवान शिव को समर्पित यह भावपूर्ण रचना, उनके श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है।
लेखक : अंजलि खन्ना

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने



ललित गर्ग



जब किसी वैश्विक ताकत के शिखर पर बैठा नेता व्यापार को भी सौदेबाजी और दबाव नीति का औजार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की ट्रंपीय दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाजार में निरंतर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। अमेरिका फर्स्ट की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर दबाव डालो और झुकावो पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और डीलमेकिंग की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुमार्ना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं। आज का भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब ह्लनिर्भरताह्व की नीति से निकलकर ह्लआत्मनिर्भरताह्व की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाजारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः आत्मनिर्भर भारत, विकास के साथ विश्वास, और समान साझेदारी के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं।

# अंतहीन दौड़



विजय गर्ग

कभी-कभी जिंदगी एक अजीब शय लगती है। जब वक्त अच्छा चल रहा हो, आनंद अपने आसपास महसूस होता हो, तब सब कुछ आसान और सहूलियत से भरा लगता है। वैसी चीज से दिल ऊबता हुआ लगता है, जो शायद कभी काफी मुश्किलों को पार कर हासिल की गई होगी। कितनी ही कोशिशों और मिन्नतों से हासिल की गई चीजों और उपलब्धियों तक से हमारा दिल आखिर भर जाता है, मानो कोई मायने ही न हो उसके। वे सभी चीजें और कई बार लोग भी इनमें शामिल हो जाते हैं, जिन्हें हासिल करने के लिए कभी दिन-रात एक कर दिया गया होगा, जी-तोड़ मेहनत की गई होगी, कितना भरोसा दिया गया होगा। मगर यह समझना मुश्किल है कि क्यों और कैसे वही फितरत हावी हो जाती है, जिसमें सिर्फ हासिल करने की भूख होती है। वैसे समय में मन छटपटाता है दूसरों को एक होड़ में शामिल देखकर इस ईर्ष्या से कि दूसरों की तरह सब कुछ पाने से वंचित न रह जाएं। जिंदगी का फलसफा इस सिद्धांत पर चलता है कि 'सब कुछ चाहिए'। जिस तरह किसी बच्चे को या तो सब कुछ चाहिए या फिर कुछ भी नहीं। भले ही वह किसी भी शर्त पर मिले। मगर जीवन बहुत जटिल है। कई बार सिर्फ एक झटका लगता है, एक ढलान आती है या सिर्फ एक टक्कर लगती है और फिर जिंदगी पूरी बदल-सी जाती है। बल्कि जिंदगी के पूरे मायने ही बदल जाते हैं। जिन चीजों की हमने कभी कद्र तक न की हो, वही जिंदगी की सबसे अहम चीज नजर आने लगती है। जिन लोगों की हमने कभी उपेक्षा की थी, उन्हें दुत्कारा था, बाद में कभी उनकी फिक्र हमें लगी रहती है। हम जिसे लेकर फिक्रमंद होते हैं, उसे कभी खरोंच भी लग जाए, तो दिल रो पड़ता है। मगर वक्त बदलता है और उसी के प्रति हमारे भीतर कोई भावना नहीं बचती। अब तूफानों में भी टस से मस भर होने की गुजाइश रह नहीं जाती है। यहां तक कि कोई रियायत भी नहीं दी जाती है। जो जीवन सहज चल रहा होता है, उसे जीने के लिए कभी खुद को अलग से मजबूत बनाना पड़ता है। जो कभी सपने में भी नहीं सोचा गया हो, या जो बेमानी बन चुके हों, उन चीजों से भी लगाव और मोहब्बत महसूस हो सकती है। कहीं पर बेपरवाह घूमते हुए सुकून - सा महसूस होता है। जबकि कभी भागते से फिर रहे होते थे, जैसे हर पल हर दम पूरी जिंदगी। छोटे बच्चों की हंसी में भी दिल भर - सा जाता है, जैसे कभी महसूस नहीं किया हो किसी को हंसते या मुस्कुराते हुए। दौर में फूलों के सभी रंग नए से लगते हैं, जैसे अभी ही पहली बार इनमें रंग भरा गया हो। बारिश की बूंदें भी एक नया - सा अहसास दिलाती हैं। एक नई ताजगी महसूस होती है। कभी किसी की सराही हुई एक बात भी इतना सुकून दे जाती है जो कभी भर-भर कर की गई तारीफों से भी हासिल नहीं होता हो। कभी किसी अपने के साथ बैठ कर पी हुई एक कप चाय से इतनी तसल्ली मिल जाती है जो कभी शोरगुल या संगीत से भरी महफिलों में भी न मिली हो। जाने या अनजाने चेहरों को देखकर उन्हें पढ़ने का मन करता है, जैसे बिना सुने ही सब जान लेने की कला मिल गई हो। जबकि पूरी बहस होने पर भी किसी की कोई बात समझ नहीं आती थी। इंसान की फितरत ही इस कदर उसे एक ऐसे अंधकार में डुबो देती है, जहां के पार उसे कुछ नजर नहीं आता- न अच्छा, न बुरा, न अपने, न पराए। सब बेमानी और बेमतलब - सा लगता है। कई बार यह मन करने लगता है कि अच्छा हो, किसी दिन हर कोई सोचे कि क्या खोया क्या पाया इस जग में। सच यह है कि अपनों की तलाश में हम कई बार अपनों को खो देते है। जिसे बेतहाशा चाहते हैं, उसे कभी अपना अहसास नहीं जता पाते, कभी अपने मन की बात उसे नहीं कह पाते। कभी न कभी इस बारे में सबको सोचना पड़ेगा, अपनी उस सोच पर लगाम लगानी होगी, जो बेहताशा भाग रही है एक अंतहीन दौड़ में, जिसमें समय रहते इंसान थोड़ा भी जाग जाए, तो बाद के पछतावे से थोड़ी मुक्ति मिल सकती है। भलाई इसी में है कि समय रहते होश में आ जाया जाए, वरना कई बार पछतावा करने का भी समय नहीं रहता है। लोग जिनको दुख देते हैं, बस इतना करें कि कभी खुद पर उसी को आजमा कर देखें, तो कुछ सीख मिल सकती है। जिन्हें गलत बोला जाता है, अगर कभी खुद अपने आप पर उन शब्दों को महसूस करके देख लिया जाए, तो उसके असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने पंवारिया बिजली घर ,एस सी को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन विद्युत समस्या को लेकर सोपा गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रदेश के सभी 75 जिलों में विद्युत, आपूर्ति स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग का आना आदि के सम्बन्ध में विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देने के क्रम में रामपुर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रामपुर जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा जी के नेत्रव में पंवारिया बिजली घर ,एस ,सी, महफूज आलम को माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन विद्युत समस्या को लेकर सोपा गया ज्ञापन की मुख्य मांगे निम्न प्रकार थी प्रदेश में बेतहाशा बिजली कटौती, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित बिजली दरों में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि न करने, फिक्स चार्ज समाप्त करने तथा विद्युत मंत्री द्वारा व्यापारियों पर की गई टिप्पणियां आदि वर्तमान में प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती एक गंभीर समस्या बन गई है। जिससे व्यापारियों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण व्यावसायिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है। इस समस्या के समाधान हेतु उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही, यह भी सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने आपके खाते की दरों और फिक्स चार्ज में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। यदि प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है तो मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के हितों पर इसका बुरा असर पड़ेगा और गरीबी रेखा से नीचे आने वाले उपभोक्ताओं को भी 3 रुपये की जगह 4 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना पड़ेगा। प्रस्तावित दरों में 100 यूनिट के आधार पर 4.40 रुपये प्रति किलोवाट जो वर्तमान में 6.80 रुपये है, जिसके अनुसार यथास्थिति में दरों में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसी प्रकार शहरी फिक्स चार्ज प्रस्तावित पक्षों के अनुसार बीकर (0) में 10 रुपये और पामिन क्षेत्र में 90 रुपये से 150 रुपये प्रति किलोग्राम होगा। चूंकि उपभोक्ता निर्धारित बिजली मूल्य का पूरा भुगतान कर रहा है, तो फिक्स चार्ज क्यों लिया जा रहा है ? इसे समाप्त किया जाना चाहिए स्मार्ट मीटर वर्तमान में क्लैरिटी-चेक मीटरिंग द्वारा निर्धारित बिजली खपत से 4.5 गुना अधिक छाया प्रदान कर रहे हैं। चूँकि ऊपर दिए गए स्मार्ट मीटरों की संख्या अधिक हो गई है, इसलिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस अनुबंध की समीक्षा करें और इन मीटरों को हटाया जाए हाल ही में राज्य के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की एक बैठक में व्यापारियों के बारे में एक टिप्पणी की है।





# मंदिर में तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद। पंजाबी समाज की महिलाओं द्वारा नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाबी समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया और सभी महिलाओं ने एक दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। महिलाओं द्वारा तीज पर्व रंग-बिरंगे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मनाया गया। विभिन्न प्रतियोगिता ऑन का भी आयोजन किया गया। महिलाओं ने झूला झूलते हुए सावन के गीत गाए। ढोल की थाप पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य किया। कनिका कालरा तीज क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम में नीरा भारद्वाज, श्वेता शर्मा, प्रिया कालरा, कनिका कालरा, नेहल, रजनी, रेनू आनंद, मीनाक्षी, सीमा छाबड़ा, दीपा, सिल्की आनंद, अवंतिका, सिंदूरा, चितवन छाबड़ा, सिम्मी, गीता, मनीषा, नीलम, रजनी आदि रही।

# थाना सिविल लाइन:- ई- रिक्शा चालक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** वादी की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त आरिफ मियां पुत्र अखलाख मियां निवासी मौहल्ला कोतवालान आम वाली मस्जिद थाना गंज जनपद रामपुर द्वारा वादी के पिता को ई- रिक्शा में सवारी बैठाने के विवाद को लेकर सीने मे पेंचकस मारकर हत्या कर देने के सम्बंध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 287/25 धारा 103(1) बीएनएस 2023 बनाम आरिफ मियां उपरोक्त पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पर गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आरिफ मियां उपरोक्त को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया ।

घटना में प्रयुक्त आला कत्ल पेंचकस तथा एक ई- रिक्शा बिना नम्बर प्लेट रंग नीला को अभियुक्त की निशानदेही से बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

# रामपुर रजा लाइब्रेरी मे मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम यहाँ विशेष रूप से मुंशी प्रेमचंद जी की 145वीं जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करने हेतु एकत्रित हुए हैं। मुंशी प्रेमचंद उपन्यास-साहित्य की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक महान लेखक रहे हैं। उनके समकक्ष यथार्थ का इतना सजीव चित्रण करने वाला साहित्यकार विश्व में अत्यंत दुर्लभ है। हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं का स्रोत लगभग एक समान है, भाषा संरचना भी मिलती-जुलती है, काल खंड भी एक जैसा है, और विकास क्रम भी समान है। अंतर केवल लिपि का है—उर्दू को अरबी लिपि में तथा हिंदी को देवनागरी लिपि में लिखा जाता है, किंतु दोनों भाषाओं के भीतर जो भाव-भाषा है, वह एक जैसी है। हिंदी के शब्द उर्दू में और उर्दू के शब्द हिंदी में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। महात्मा गांधी ने इसे हिंदुस्तानी कहा था। हिंदी और उर्दू को एक साथ देखना हो तो वह मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में संभव है। प्रेमचंद जी ने अपने साहित्य में भाषायी भेद को समाप्त करते हुए भिन्नता से एकता की यात्रा को साकार किया है—यह उनकी साहित्यिक महानता का प्रमाण है। यदि कोई व्यक्ति भारतीय मनीषा को विशेषतः ग्रामीण भारत के जीवन को, ठीक प्रकार से समझना चाहता है, तो उसे प्रेमचंद की कथाओं में इसका समग्र और प्रामाणिक चित्रण मिलेगा। उनकी कृतियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणास्पद हैं। कहा कि मुंशी प्रेमचंद अपनी रचनाओं में ऐसे यथार्थपूर्ण चित्र प्रस्तुत करते हैं कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे कोई समाजशास्त्री घटनाओं का सूक्ष्म दृष्टि से अध्ययन कर रहा हो। समाजशास्त्री जब किसी सामाजिक स्थिति का विश्लेषण करता है, तो उसमें एक सैद्धांतिक पक्ष होता है—वह अधिकतर निबंधात्मक शैली में होता है—परंतु प्रेमचंद ने उसी सामाजिक यथार्थ को कथात्मक लोक भाषा और शैली में जीवंत चित्रण के साथ प्रस्तुत किया है। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और दुर्लभ है। उन्होंने ग्रामीण जीवन की विसंगतियों, त्रासदियों, संघर्षों और सामाजिक विषमताओं को बिना किसी संकोच के उजागर किया है। कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, और जिस कालखंड में मुंशी प्रेमचंद ने लिखा, उस समय का समाज और जनजीवन उनके साहित्य में अत्यंत यथार्थ और मार्मिक रूप में परिलक्षित होता है।



# नफर अभियुक्त को नाजायज चाकू सहित किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के स्योहारा ।थाना पुलिस ने एक नफर अभियुक्त को नाजायज चाकू सहित किया गिरफ्तार बिजनौर के पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी महोदय धामपुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना स्योहारा पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। स्योहारा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान तहसीन पुत्र मौ० उमर, निवासी मोहल्ला हाता, कस्बा एवं थाना स्योहारा, जिला बिजनौर, हाल पता ग्राम चकमहदूदसानी, ईदगाह के पास, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 290/25, धारा 4/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री हरिओम सिंह को सौंपी गई है। अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे समय से मा० न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला बिजनौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास इस प्रकार है:1. मु0अ0सं0 466/2013 धारा 4/25 थाना स्योहारा2. मु0अ0सं0 602/2013 धारा 379/411 भादवि थाना स्योहारा3. मु0अ0सं0 187/2019 धारा 4/25 भादवि थाना स्योहारा4. मु0अ0सं0 058/2020 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना स्योहारा स्योहारा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।



# नया खाद गोदाम खुलवाने के लिए सभापति एवं सचिव के नाम दिया प्रार्थना पत्र



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर :** ग्राम मोरना के कृषकों ने ग्राम में नया खाद गोदाम खुलवाने के लिए सभापति एवं सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के नाम प्रार्थना पत्र दिया इस पर सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह द्वारा आश्वासन दिया गया कि ग्राम मोरना व मोरना डायरेक्टर सर्कल के किसानों की बेहद मांग के अनुरूप कृषि निवेशों को सुलभता से उपलब्ध कराने हेतु सहकारी गन्ना समिति धामपुर का एक उप खाद गोदाम ग्राम मोरना में अतिशीघ्र संचालित करा दिया जाएगा। जिसके लिए स्थल एव भवन का चयन करके लाइसेंस प्राप्त करने की कार्यवाही शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। जिसे सुनकर कृषक बंधुओं ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित सभी कृषकों का हृदय तल से बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद प्रेषित किया।

# आर. आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर के दो विद्यार्थियों को मिला इंस्पायर मानक अवॉर्ड



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** आर. आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों स्वेता सिंह (सूची संख्याः 1427, संदर्भ संख्याः 24वढ5616601) एवं पारंगत सिंह (सूची संख्याः 1428, संदर्भ संख्याः 24वढ5616602) को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। स्वेता सिंह का नवाचार ₹कार की छत पर सामान को बारिश से बचाने हेतु कवर डिजाइन₹ पर आधारित है, जबकि परांगत सिंह का नवाचार ₹फर्श पर फिसलन से बचाने वाला सहायक सीढ़ी स्टैंडर₹ है। इन दोनों नवाचारों को देशभर के विद्यार्थियों के बीच चयन कर सम्मानित किया गया। इन दोनों विद्यार्थियों को उनके नवाचार को और अधिक विकसित करने के लिए ?10,000 की नकद राशि एनईएफटी के माध्यम से प्रदान की गई है। विद्यालय के नोडल शिक्षक कपिल कुमार के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हो सकी है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान एवं नवाचार की दिशा में प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र चौधरी अजय चौहान रितु चौहान इत्यादि की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

# झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के स्योहारा पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश एवं क्षेत्राधिकारी महोदय धामपुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना स्योहारा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।श्रीमती अंजली पत्नी हरिओम सिंह, निवासी ग्राम मंगलखेड़ा, थाना स्योहारा ने डायल 112 पर चोरी की झूठी सूचना दी। सूचना पर पीआरवी 2451 मौके पर पहुंची तथा हल्का प्रभारी उ0नि0 श्री उमेश कुमार द्वारा मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कॉलर अंजली द्वारा दी गई चोरी की सूचना निराधार थी – उनके घर से कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ था, सारा सामान सुरक्षित अवस्था में मौजूद था ।पुलिस जांच में यह भी पाया गया कि कॉलर अंजली के ससुर दलवीर सिंह पुत्र गरीबा सिंह एवं चचेरे ससुर खुशीराम पुत्र गरीबा सिंह ने गांव में झूठी अफवाह फैलाकर पुलिस एवं प्रशासन को भ्रमित कर शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न की। स्योहारा क्षेत्र ग्राम मंगलखेड़ा, जिला बिजनौर को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर मा० न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट धामपुर, जनपद बिजनौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।उ0नि0 श्री उमेश कुमार का0 332 छोटे लाल म0का0 259 पायल कुमारी स्योहारा पुलिस आमजन से अपील करती है कि कोई भी व्यक्ति झूठी सूचना देकर पुलिस बल एवं सरकारी तंत्र को भ्रमित न करें। झूठी सूचना देना एक दंडनीय अपराध है, जिस पर कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



# डीआईजी अभिषेक सिंह के सख्त निर्देश पर ड्रोन कैमरों एवम चोरी की घटनाओं की उडती अफवाहों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी हुए और अधिक सख्त

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर।** पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल एवम पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन के कुशल निर्देशन में शहर से लेकर देहात तक झुठी अफवाहें फेलाने वालों पर पुलिस की नजर ड्रोन कैमरो/चोरो की अफवाह को लेकर सभी थाना क्षेत्र के गांव-गांव में चौपाल लगाकर पुलिस द्वारा आमजन को किया जा रहा है जागरूक सभी क्षेत्राधिकारियों की देखरेख में सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी एवम बीट प्रभारी चौपालों के आयोजन कर अपने अपने कामों को बखूबी दें रहे हैं अंजाम पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकऋ अभिषेक सिह के सख्त निदेशों के चलते एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के दिशा निर्देश पर तथा पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल व पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन के कुशल निर्देशन मे ड्रोन कैमरों से रैंकी कर चोरी करने की झूठी अफवाह/भ्रामक खबरों के बारें में लोगों को जागरुक करने हेतु गांव गांव जाकर पुलिसकर्मी/अधिकारियों द्वारा चौपाल का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। पुलिस बीट प्रणाली व्यवस्था के माध्यम से गांवों में जागरूकता हेतु चौपाले लगाई जा रही है ।इधर थाना सरसावा प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा स्वयं एवम उनकी पुलिस टीमें नकुड सीओ एसएन वैभव पांडेय के कुशल निर्देशन में गांव गांव जाकर चौपाल के माध्यम से ड्रोन कैमरों एवम चोरी की झूठी अफवाह के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम बड़े ही तेजी के साथ कर रहे है ।आपको बता दें,कि थाना सरसावा प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह बीट प्रभारी के साथ पिलखनी पंहुचे,जहां पर उन्होंने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से कहा,कि ड्रोन व संदिग्ध व्यक्ति यदी किसी को भी दिखाई दे वह तत्काल इसकी सूचना पुलिस व 112 नम्बर पर दे,कानून ? अपने हाथ में लेने की कोशिश ना करें,किसी भी प्रकार की झूठी अफवाह ना तो फैलाए और ना ही ध्यान दें ।साथ ही साथ इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा ने चेतावनी भरे शब्दों में सभी से कहा,कि यदी कोई भी शख्स झुठी अफवाह फैलाते हुए नजर आया तो सख्त से सख्त कार्रवाई करूंगा ।इसके अलावा थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी बेहट मुनीश चन्द्र एवम बेहट इंस्पेक्टर सुबे सिंह द्वारा गांव बरौली में चौपाल का आयोजन किया गया ।चौपाल के आयोजन में चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी/बीट प्रभारी भी मौजूद रहे। जिसमें ड्रोन कैमरो से रैकी कर चोरी करने की अफवाह अथवा सूचना को तत्काल आपातकालीन नम्बर 112 पर सूचना दे तथा सम्बन्धित स्थानीय पुलिस को दे सकते है ।जिनके फोन नम्बर वॉल पेंटिंग के माध्यम से अलग अलग जगहों पर अंकित कराये गये है ।साथ ही इन अफवाहो के प्रवाहित क्षेत्रों में पुलिस की रात्रि गश्त बढाई गयी है ।शीघ्र अति शीघ्र ऐसी अफवाहो/सूचनाओ का निस्तारण किया जा सके ।किसी भी भ्रामक खबर/आपराधिक गतिविधियों की सूचना नजदीकी पुलिस को देने की अपील की गयी ।और यही नहीं बेहट इंस्पेक्टर सुबे सिंह ने भी सभी से अपील की है,कि ना तो चोरी एवम ड्रोन कैमरों की झुठी अफवाहे फैलाए और ना ही कानून अपने हाथ में ले,मेरा मतलब है,कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के पाए जाने की सूचना तत्काल पुलिस को दे ।इसके अलावा थाना बिहारीगढ़,थाना फतेहपुर,थाना देहात कोतवाली,थाना तीतरों,थाना चिलकाना, थाना मिजार्पुर,थाना गंगोह,थाना नकुड,थाना नानौता,थाना बडगाव,थाना रामपुर मनिहारान,थाना गागलहेडी,थाना नागल, थाना देवबंद,थाना मण्डी, कोतवाली नगर,थाना सदर बाजार,थाना कुतुबशेर सहित समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी एवम बीट प्रभारी चौपाल के माध्यम से पुलिस लोगों को जागरूक करने का काम बड़े ही तेजी के साथ कर रही हैं।



# चंबल नदी में उफान से उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर जिला कलेक्टर ने की प्रेस ब्रीफिंग

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान** । चंबल नदी के बढ़े हुए जलस्तर और उससे उत्पन्न बाढ़ जैसी परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और सेना के अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को लेकर संयुक्त समीक्षा की और मीडिया को संपूर्ण स्थिति की जानकारी दी। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस मीडिया ब्रीफिंग में जिला कलेक्टर ने बताया कि चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है और जिले के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। निचले क्षेत्रों के गांवों में एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात हैं, जो आवश्यकतानुसार निगरानी के साथ राहत एवं रेस्क्यू कार्य में जुटी हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। उनके लिए आश्रय स्थलों पर भोजन, चिकित्सा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि सेना के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सैन्य सहायता के लिए भी तैयारी की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने मीडिया को बताया कि प्रशासन द्वारा सभी उपखंड क्षेत्रों में कंट्रोल रूम, मेडिकल टीमें, मोबाइल यूनिट्स, नावें एवं राहत सामग्री तैयार रखी गई हैं। साथ ही तहसीलदारों, पटवारियों, ग्राम विकास अधिकारियों के सहयोग से जमीनी स्तर पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने आमजन से चंबल नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने, अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर मीडिया के माध्यम से जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हर परिस्थिति से निपटने के लिए संसाधन और समन्वय की पूरी तैयारी है।

# सफाई कर्मचारी को समारोह पूर्वक विदाई दी



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नगीना**। नगर पालिका सफाई कर्मचारी को समारोह पूर्वक विदाई दी गई, इस मौके पर चेयरपर्सन ताहिरा खलील व अधिशासी अधिकारी रामाश्रय ने 6 लाख 17 हजार रू का चेक, शालउड़ा कर व फूल माला पहन कर विदाई दी।नगर पालिका परिषद में कार्यरत सैमियलल पुत्र इतवारी 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका के मैदान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन ताहिरा खलील के अध्यक्षता एवं सिद्दीकी मुल्तानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा संदीप वाल्मीकि बाबू शाहनवाज खलील, मनोज वाल्मीकि व वार्ड सभासद कपिल पवार, रोहित बिश्नोई, गोपाल शर्मा, राजकुमार सैनी, रामकुमार यादव आदि ने रिटायर्ड सफाई कर्मी सैमियल के कार्य की प्रशंसा की और कहां के कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी के साथ करनी चाहिए उन्होंने कहा कि सैमुअल एक मधुर व्यवहारिक सफाई करने रहे हैं जिन्होंने कभी अपने विभाग को शिकायत का मौका नहीं दिया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी न्यायिक एसडीएम रामाश्रय ने संयुक्त रूप से शाल उड़ाकर और फूल माला पहनकर भाविनी विदाई दी साथ ही 5 लाख रू से अधिक रुपए का चेक दिया। इसके अतिरिक्त स्टाफ के रोहित कुमार, महेश उर्फ द्वारा, अरविंद कुमार, धीरज कुमार, सोनू कुमार, नौगतराम, बिट्टू कुमार, महेर सिंह, सुंदर कुमार, रोहित भगत, सुजीत कुमार, सुरेश चंद, अनिल उर्फ बब्बू, राम भरोसे, तुलाराम, जयपाल सिंह दरोगा आफताब मुल्तानी, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद अहमद, बृजमोहन बिश्नोई, बदर मुनीम, शारिक अहमद, अमित कुमार, डॉ राकेश कुमार, सहित समस्त सफाई कर्मचारी वे पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

# एसएसपी द्वारा थाना खानपुर में भोजनालय परिसर का उद्घाटन कर 'बड़े खाने (भोज)' का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा गुरुवार देर शाम को थाना खानपुर में भोजनालय परिसर के उद्घाटन के उपरांत समस्त पुलिस परिवार के लिए थाना खानपुर परिसर में बड़ा खाना( भोज ) का आयोजन कर साथ में भोज किया गया एवं परंपरा अनुसार अधिकारियों ने स्वयं खाना भी परोसा ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शहीद सरदार उधम सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान किया याद

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




हापुड़ शहर अध्यक्ष कांग्रेस कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस पदाधिकारीयो ने शहीद सरदार उधम सिंह की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को याद किया। शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने शहीद

उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऊधम सिंह एक महान क्रांतिकारी थे, 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उधम सिंह के जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। इस घटना ने उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ बदला लेने के लिए प्रेरित किया। 13 मार्च, 1940 को उधम सिंह ने लंदन के कैक्सटन हॉल में माइकल ओ'डायर की गोली मारकर हत्या कर दी। यह हत्या उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए की थी। हत्या के बाद उधम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर मुकदमा चलाया गया। 31 जुलाई 1940 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। तो वहीं नरेश कुमार भाटी कोऑर्डिनेटर नोएडा ने कहा कि शहीद उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेकर देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्हें उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति के लिए हमेशा याद किया जाता है। उधम सिंह की शहादत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। आज भी उन्हें भारत के एक महान क्रांतिकारी के रूप में याद किया जाता है। उनकी जीवनी और बलिदान ने हजारों लोगों को प्रेरित किया है जिसके फल स्वरुप 15 अगस्त 1947 को देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ। देशभक्ति के प्रति शहीद उधम सिंह की विरासत आज भी जीवित है। कार्यक्रम में यशपाल सिंह ढीलोर, देवेंद्र कुमार ,आकाश त्यागी, एसपी गौतम, अब्दुल कलाम, खुशनुद अली, सुशील कश्यप, जस्सा सिंह, सरदार जसवीर सिंह, सरला देवी, डॉ मुकीम खान, डॉ जलज तेवतिया अंकुर अग्रवाल, आदि ने भी अपने विचार रखें।

# गोवर्धन के स्वर्णकारों ने चांदी लूट कांड की कड़ी निंदा कर अनावरण की मांग की

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन**। फरह थाना क्षेत्र में बीते दिनों नेशनल हाइवे पर हुई व्यापारी से चांदी लूट की घटना की गोवर्धन स्वर्णकार महासभा ने कड़ी निंदा की। स्वर्णकारों ने चांदी लूट कांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और माल बरामदगी कराने की मांग एसएसपी श्लोक कुमार से की है। गौरतलब है कि बीते दिनों पूर्व चांदी व्यापारी से बाइक सवार हथियार बंद बदमाशों ने करीब 70 किलो चांदी से बनी राखियों की लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट की घटना से व्यापारी वर्ग सहमा हुआ है। व्यापरियों में पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश है। हालांकि एसएसपी श्लोक कुमार ने लूट के खुलासे के लिए 6 पुलिस टीमों का गठन किया है लेकिन पुलिस टीमें समाचार लिखे जाने तक आरोपियों को नही पकड़ पाई है। गुरुवार को पंकज स्वर्णकार पू.जिलाध्यक्ष स्वर्णकार महासभा मथुरा के नेतृत्व में गोवर्धन के स्वर्णकारों ने चांदी लूट कांड की कड़ी निंदा करते हुए खुलासे पर चर्चा की। पंकज स्वर्णकार ने कहा कि इन दिनों पूरे जिले में बदमाशों के होंसले बुलंद नजर आ रहे हैं। बीते एक सप्ताह में लूट हत्या और डकैती की घटनाएं पुलिस की निष्क्रियता की गवाही दे रही हैं। इन घटनाओ का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। बदमाशों के दुस्साहस से व्यापारी वर्ग सहमा हुआ है। जन्माष्टमी और रक्षा बंधन पर्व आ रहा है, ऐसे में व्यापारी कैसे व्यापार करेगा। पुलिस से मांग की है, शीघ्र ही घटनाओं का अनावरण किया जाए और स्वर्णकार समाज के लोगों को असलाह के लायसेंस दिलवाए जाएं जिससे वो अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

# टेरर फडिग के आरोपी सजय सरोज ने लडकी को अगवाकर करायी शादी ,मुकदमा हुआ दर्ज

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** ।देहात कोतवाली थानान्तर्गत टेरर फडिग के आरोपी सजय सरोज पर एक लडकी की मा ने जनरन उसकी लडकी ला अपहरण कर एक मन्दिर मे ले जाकर एक लडके से बन्दूक की नोक पर शादी कराने का गम्भीर आरोप की शिकायत दर्ज करायी है । गाव मकरीपुर हिरावन निवासी राजकुमारी सरोज ने कोतवाली देहात को दिए अपने प्रार्थना पत्र मे बताया कि ग्राम भगेसरा निवासी सजय सरोज टेरर फडिग के आरोपी मेरे घर ग्यारह जुलाई की रात आ धमका । जिसके साथ मोहित सरोज और उसके पिता लुरखुर सरोज भी थे। जिन्होने सजय सरोज सग मिल उसकी सत्रह वर्षीय बेटी को जबरन गाडी मे लाद उठा ले गये। राजकुमारी सरोज ने बताया कि सुबह होने पर वह स्थानीय थाने मे शिकायत करने जा रही थी तो रास्ते मे उसे टेरर फडिग के आरोपी सजय सरोज ने रोककर तमचा सटा मुझे मेरे पति के साथ कटरामेदनीगज के शीतला मन्दिर लेकर गये ।जहा उन्होने मेरी नाबालिग बेटी की शादी मोहित सग करायी और फोटो ग्राफी करायी। सजय सरोज की धमकी के चलते हम लोग विरोध न कर सके । जिसकी सूचना रविवार को स्थानीय थाने मे मिलने पर सजय सरोज व अन्य पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जाच शुरू कर दी है। टेरर फडिग के आरोपी सजय सरोज पर मुकदमे के विषय मे स? ओ शिवनारायण वैश ने बताया कि शिकायत मिली है ।मुकदमा पंजीकृत कर आगे की जाच कर कार्यवाही की जाएगी। वही उपरोक्त विषय मे निर्वतमान विधायक रानीगंज धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी आयुष तिवारी ने विधायक जी के हवाले से कहा कि सजय सरोज खतरनाक अपराधी है जिसे यू पी ए टी एस ने कार्यवाही करते हुये पहले भी जेल भेजा था । उसका खौफ समाज मे है । अब उसके गुनाहो की लिस्ट और भी बडी होने लगी है ।लेकिन वह भूल रहा है कि अब प्रदेश मे योगी सरकार है और योगी सरकार मे बहन बेटियो के सम्मान से खेलने वाला समाज मे भय पैदा करने वाला नही बचेगा न उसके सरक्षक गाडफादर बचेगे ? इन्तजार पुलिस जाच कर रही है यदि अपराध सिद्ध हुआ तो कार्यवाही बेहद कठोर होगी। पूर्व भाजपा सांसद ने टेरर फडिग की आरोपी सजय सरोज को कभी पहनाई थी माला- प्रतापगढ़ के पूर्व सासद सगमलाल गुप्ता ने टेरर फडिग की इस आरोपी जिसे 2018 मे टेरर फडिग के आरोप मे यू पी ए टी एस ने उसके घर से उठा कर जेल मे धकेल दिया था ।जो जेल से छुटने के बाद राजनीति मे सक्रिय हो गया। जिसे अपने एक चुनावी मच पर पूर्व सासद ने सम्मान दे माला पहनाई थी ।जिस पर सपा ने काफी आवाज उठायी थी जिसमे भाजपा को जवाब देना मुश्किल हो गया था।

# स्थानांतरण पर एसडीएम पवन कुमार गुप्ता को दी विदाई



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। उपजिलाधिकारी जनपद मथुरा पवन कुमार गुप्ता का स्थानान्तरण सहायक नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी के पद पर होने पर चार्ज लेने वाराणसी जाते समय बलदेव में उनका विदाई समारोह किया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि मथुरा जनपद का कार्यकाल यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण सतत प्रक्रिया है।इसे हमेशा सकारात्मक मानना चाहिए। कार्यकाल के दौरान जिस तरह सभी का सहयोग मिला, वह हमेशा याद रहेगा।मथुरा जनपद के वाशिंदे बहुत अच्छे हैं।धार्मिक नगरी है मथुरा।यहां पुनः सेवा का अवसर मिला तो अवश्य आऊंगा। दाऊजी मंदिर के सेवायत आचार्य कपिल शास्त्री, युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा, अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसो. के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार, रवि कुमार ने श्री गुप्ता को दाऊजी महाराज का प्रसाद भेंट किया वहीं आचार्य कपिल शास्त्री ने उन्हें दाऊजी महाराज की प्रसादी फरिया ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया।

# पीएम की जनसभा के लिए भाजपाजनों ने किया जनसम्पर्क, बांटा आमंत्रण



वेलकम इंडिया

**मिर्जामुराद** : भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने सेवापुरी विधानसभा के जंसा, बड़ौरा, भीषमपुर, रघुनाथपुर, घोषिला, कपसेठी, वीरमपुर समेत विभिन्न गांवों में घर-घर जनसम्पर्क किया।भाजपाजनों ने आगामी 2 अगस्त को सेवापुरी के बनौली (कालिका धाम) में आयोजित प्रधानमंत्री की जनसभा में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कर आमंत्रण पत्र बांटा।संगठन की मजबूती पर भी चर्चा हुई।प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल का भी भ्रमण किया। जनसम्पर्क के दौरान अखंड प्रताप सिंह, विनय सिंह 'हिटलर', अजय सिंह 'मुन्ना', डा.संजीव सिंह (बबलू), राजन सिंह, पंकज सिंह, गुंजन सिंह (प्रधान), प्रदीप सिंह (फौजी), राजन सिंह, सभाजीत यादव, दिनेश सिंह (बल्ली), पिन्टू सिंह, सुजीत सिंह समेत अन्य साथ रहे।

# सीआईएसएफ ने शुरू की पॉजिटिव माइंड पहल

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपने 25 हजार से अधिक जवानों के मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु पॉजिटिव माइंड कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल एडवांटेज बिहेवियरल टेक्नोलॉजी (एबीटी) के सहयोग से चल रही है। कार्यक्रम के तहत जवानों को तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देशभर में 1726 अधिकारियों एवं जवानों पर आधारित अध्ययन में पाया गया कि इस पहल से मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार हो रहा है। सीआईएसएफ महानिदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम से बल के कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा, मानसिक तनाव कम होगा और ड्यूटी के दौरान उनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। यह पहल आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकने और बल को मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट ने कहा कि जवानों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सीआईएसएफ द्वारा बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है।

# सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक विनोद कुमार को एसपी कुंवर ज्ञान्जंय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर दी भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ जनपद पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक विनोद कुमार को उपहार व स्मृति चिन्ह देकर रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में भावभीनी विदाई दी गई और एसपी कुंवर ज्ञान्जंय सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गयी। इस दौरान हापुड़ बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पिलखुवा क्षेत्राधिकार अनीता चौहान आदि लोग मौजूद रहे। सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 40 साल की नौकरी करते हुए मुझे जनता की सेवा करने का जो मौका मिला था उसे भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन जनपद हापुड़ में अनेक थाना व चौकियों पर अनेक पदों पर रहते हुए स्थानीय लोगों ने स्नेह भरा प्यार व आशीर्वाद जो मुझे दिया मैं उसकी भरपाई नहीं कर सकता। विनोद कुमार को रिजर्व पुलिस लाइन से भावभीनी विदाई दी उपरांत थाना हापुड़ देहात व भीम नगर चौकी पर भी अन्य पुलिसकर्मियों सहित समाज सेवियों ने भी भावभीनी विदाई दी।



# महिला अधिकारों को सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिबद्ध है आयोग- डॉ० बबीता सिंह चौहान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** डॉ० बबीता सिंह चौहान, मा० अध्यक्षा उ०प्र० राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लो०नि०वि० के सभाकक्ष जनपद-मथुरा में सम्पन्न की गयी। महिला जनसुनवाई के दौरान लगभग संख्या-13 पीड़ित महिलाओं ने उपस्थित होकर अपनी समस्यायें मा० अध्यक्षा के समक्ष रखी, जिसमें मुख्यतः घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद एवं आपसी मतभेद आदि के शिकायतें सम्मलित हैं। मा० अध्यक्षा द्वारा उपरोक्त सभी शिकायतों में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक-से-अधिक महिलओं को दिये जाने के भी दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक पुलिस उपाधीक्षक (क्राइम), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि-जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमामुक्त, महिला थाना, वन स्टाप सेन्टर यूनिट प्रथम /द्वितीय तथा जिला बाल संरक्षण इकाई, मथुरा आदि उपस्थित रहे। डॉ० बबीता सिंह चौहान, मा० अध्यक्षा उ०प्र० राज्य महिला आयोग ने कहा कि आज की जनसुनवाई में लगभग 13 शिकायतें प्राप्त हुई जोकि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद एवं आपसी मतभेद आदि से सम्बन्धित हैं। जनसुनवाई के दौरान महिला अधिवक्ताओं द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक श्री अनिरूद्धाचार्य के द्वारा महिलाओं के विरूद्ध दिये गये आपत्तिजनक बयान पर कार्यवाही हेतु शिकायती पत्र दिया गया है जिसको गम्भीरता से लेते हुये मा० अध्यक्षा महोदया द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु पुलिस के सक्षम अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही ऐसे कथावाचकों के विरूद्ध बुद्धि-शुद्धि हवन करने की बात कही। कुछ पारिवारिक विवाद के शिकायतों में मा० अध्यक्षा महोदया द्वारा मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य शिकायतों में कार्यवाही हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मा० अध्यक्षा ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाऐं जैसे 112, 181 महिला हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, वन स्टॉप सेन्टर आदि संचालित की जा रही है। साथ ही प्रदेश सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत महिलाओं तक पहुँचाने की बात कही।

उ०प्र० राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। श्री विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा ने कहा मा० अध्यक्षा जी के निदेर्शानुसार आज की जन सुनवाई में आयी शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा। इसके बाद मा० अध्यक्षा जी तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# 2 अगस्त को राहुल जी के नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ ऑल ओवर इंडिया की बैठक का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** आगामी 2 अगस्त को विज्ञान भवन दिल्ली मैं माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में ऑल ओवर इंडिया की एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें हर जिले से सभी विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अपने कार्यकारिणी सहित कार्यक्रम में पहुचेंगे इसी की तैयारी को लेकर गुरुवार को चर्चा की गई। इस तैयारी से उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह, नितिन मिश्रा जी मुलाकात कर प्रोग्राम के बारे में अवगत कराया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए जिला पंचायत हॉल में वार्ता की। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान महानगर कोऑर्डिनेटर अलीगढ़ चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रवि एडवोकेट, सीनियर अधिवक्ता राजकुमार उपाध्याय, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत, बृजेश शर्मा, पूर्व सचिव पूजा वर्मा एडवोकेटज जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर, पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मिक, प्रवीण भास्कर, ओम प्रकाश सिंह, निमेष एडवोकेट जयप्रकाश एडवोकेट मोर सिंह एडवोकेट लवी गौतम नीलम प्रजापति एडवोकेट रीता शर्मा एडवोकेट अशोक चौधरी नोटरी एडवोकेट वीरेंद्र गॉड भारत लाल शर्मा राहुल कुमार एडवोकेट दुष्यंत एडवोकेट लतीश कुमार एडवोकेट भारत जैन प्रदेश महासचिव राकेश रावत एडवोकेट दिगंबर बघेल एडवोकेट हेमंत कुमार अर्पित सक्सेना एडवोकेट प्रिया ठाकुर अशोक कुमार एडवोकेट अन्य साथी मौजूद रहे।

## ड्रोन कैमरे को लेकर झूठी अफवाह फैलाई तो जेल जाने को रहे तैयार: सीओ शोभित कुमार

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/** पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने ड्रोन कैमरा को लेकर चल रही अफवाहों को ध्यान में रखते हुए सभी सर्किल थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दैनिक जन सागर टुडे पत्रकार जे पी गौतम से वार्ता करते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार रामघाट नरौरा छतारी कोतवाली डिबाई के थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के ड्रोन कैमरा व रंग बिरंगी लाइटों का खिलौना नहीं उड़ाए ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें अगर कोई व्यक्ति बिना अनुमति के ड्रोन कैमरा उड़ाता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें

उन्होंने कहा है कि क्षेत्र में सभी ग्रुपों सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखें अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर झूठी वीडियो वायरल करता है या झूठी अफवाह फैलाकर समाज में माहौल खराब पैदा करने की कोशिश करता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें क्षेत्र में जिनके पास ड्रोन कैमरा है उनका पंजीकरण रजिस्टर बनाने इसमें ड्रोन कैमरा का पूरा विवरण अंकित किया जाए रात्रि में किसी प्रकार के आकाश में उड़ने वाले खेल खिलौने भी प्रतिबंधित के सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना अनुमति के कोई ड्रोन कैमरा उड़ाते से पाए गए तो सख्त कार्रवाई होगी पुलिस क्षेत्राधिकारी ने ड्रोन कैमरा की झूठी अफवाह को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व पुलिस का सहयोग करने की क्षेत्रीय जनता से अपील की है।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में आज सीबीएसई क्लस्टर एक्सआईएक्स वॉलीबॉल (अंडर 14, 17 और 19), 2025' का भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




हापुड़ कहते हैं कि चमत्कार एक साथ नहीं होते। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल कुछ और ही कहता है। साल दर साल, स्कूल उत्कृष्टता के शिखर पर पहुँचता जा रहा है। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल खेल, उत्साह और जोश का एक और संगम 'सीबीएसई क्लस्टर क वॉलीबॉल (लड़के) (अंडर 14, 17 और 19), 2025' पाँच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। राज्य के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर के अपने दल के साथ भव्य प्रवेश करते ही आज इस समारोह का उदघाटन शुरू हो गया।जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, भाजपा प्रवक्ता अवनीश त्यागी, बीएसए डॉ. रितु तोमर, सीबीएसई ऑब्जर्वर सुशील त्यागी, सीबीएसई तकनीकी प्रतिनिधि दीपक राणा, अजय चौहान और वॉलीबॉल में भारतीय कप्तान अलाउद्दीन चौधरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और 'माँ सरस्वती की प्रतिमा' के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस शानदार आयोजन की शुरूआत की। गुब्बारे हवा में उड़ गए, जेएमएस के छात्रों ने अपने शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन से हवा में दिव्यता घोल दी और जल्द ही सीबीएसई क्लस्टर क की मशाल सभी सौम्य व्यक्तित्वों द्वारा जलाई गई। ढोल बजने लगे, झंडे ऊंचे उठाए गए, 350 टीमों के नाम गर्व से घोषित किए गए क्योंकि मार्च पास्ट शुरू हुआ और हर जगह गर्व और सम्मान का संचार हुआ। स्कूल चेयरमैन श्री राकेश सिंहल ,प्रबंध निदेशक डॉ आयुष सिंघल, सचिव रोहन सिंघल, महानिदेशक सुभाष गौतम और प्रिंसिपल डॉ निधि मलिक ने सभी टीमो का हार्दिक स्वागत किया और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बाद में सोमेंद्र तोमर ने खिलाड़ियों को संबोधित किया, उन्होंने सभी खिलाड़ियों को एक साफ-सुथरा और निष्पक्ष खेल प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें जीतने के बजाय भाग लेने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। अंत में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गेंद की सर्विस की गई और क्लस्टर क वॉलीबॉल बॉयज अंडर 14, 17 और 19, 2025 की धमाकेदार शुरूआत हुई। अंडर-14 वर्ग में एसआर इंटरनेशनल बरेली ने एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा एक्सटेंशन को हराया। अंडर-17 वर्ग में डीपीएस वसुंधरा ने दर्शन अकादमी मेरठ को हराया, जबकि सिटी कॉन्वेंट खटीमा ने आरपीएम स्कूल हाथरस को हराकर जीत हासिल की।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में भड़का जनआक्रोश ग्रामीणों ने बीकेयू जन शक्ति के बैनर तले थाने का किया घेराव



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चार दिन पूर्व गांव निवासी युवक के द्वारा नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दरोगा के द्वारा पीड़ित परिजनों के साथ बदसलू की करने पर भड़का जन आक्रोश। आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी युवक गांव की ही रहने वाली नाबालिग किशोरी को बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया था। जिसमें बाबूगढ़ पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर किशोरी को तो बरामद कर लिया। लेकिन पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं करने को लेकर मामले की जांच कर रहे। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के जिला अध्यक्ष सुधीर त्यागी के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीण एवं पीड़ित परिजनों के द्वारा थाने का घेराव कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई। वही मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा के द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों एवं भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं को समझाते हुए आरोपी युवक को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ।

## ड्रोन की उड़ान केवल अफवाह है, इसलिए अफवाहों से बचें, सब कुछ है सुरक्षित - अजय कुमार साहनी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बरेली परिक्षेत्र के विभिन्न जिलों में ड्रोन जैसी उड़ती चीजें देखे जाने की खबरें वायरल हो रही हैं। जिससे लोगों में बेचैनी बढ़ गई है।



हालांकि, पुलिस ने अब तक ऐसी किसी भी सूचना की पुष्टि नहीं की है। लेकिन इन बढ़ती अफवाहों को देखते हुए पुलिस महकमा सतर्क हो गया है। अब इन अफवाहों को लेकर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने आम लोगों से अपील की है कि वे इन झूठी बातों पर ध्यान न दें और बिना जांचे-परखे कोई भी जानकारी सोशल मीडिया पर न फैलाएं। क्योंकि कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की अफवाहें फैला कर जिले की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करें। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने साफ किया कि ड्रोन से जुड़ी वायरल हो रही सूचनाएं अब तक की जांच में पूरी तरह से निराधार साबित हुई हैं। पुलिस को कहीं से भी इनकी कोई पुष्टि नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नजर आए तो तुरंत 112 या नजदीकी थाने को सूचना दें। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया या किसी भी अन्य माध्यम से झूठी व भ्रामक जानकारी फैलाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब इस मामले को लेकर हरकत में आ गई है। सभी थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। ग्राम समितियों और डिजिटल वालंटियरों से भी सहयोग लिया जा रहा है ताकि अफवाहों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। साइबर सेल भी पूरी तरह से एक्टिव मोड पर है और सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। जो भी भ्रामक कंटेंट सामने आ रहे हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। डीआईजी ने यह भी स्पष्ट किया कि कृषि कार्यों या तकनीकी पढ़ाई के लिए जिन ड्रोन का प्रयोग मानकों के अनुरूप किया जा रहा है, उनसे घबराने की जरूरत नहीं है।

## मां ने थाने पहुंचकर घर लापता युवती को बरामद करने की लगाई गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर देकर युवती को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों को जल्द ही लापता युवती को बरामद किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता की पुत्री का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित परिजनों ने अनहोनी के आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर देकर लापता युवती को बरामद किए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों को जल्द ही लापता युवती को बरामद किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। शीघ्र ही लापता युवती को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# बाइक सवार दो लोगों को चोर समझ कर पकड़कर की धुनाई

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के शिवाला मार्ग पर कैराना कोर्ट में पेशी कर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को दर्जनों लोगों ने चोर समझकर पकड़ लिया। लोगों की भीड़ में दोनों के साथ जमकर मारपीट की। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों लोगों को छुड़ाया और दो लोगों को हिरासत में लिया है। पीड़ित दोनों लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर निवासी सुधीर गुरुवार को भभीसा निवासी अपने दोस्त दुष्यंत के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना कोर्ट में गया था। कोर्ट से काम निपटाकर दोनों बाइक सवार अपने घर लौट रहे थे। पीड़ित ने कस्बे के कैराना बाईपास रोड पर मदीना मस्जिद के पास बाइक रोक ली, ओर पास ही एक खोखे से बीड़ी का बंडल खरीदकर बीड़ी पीने लगे। आरोप है कि इस दौरान दर्जनों लोग हाथों में लाठी डंडे ओर धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे, ओर दोनों युवकों को चोर-चोर कहकर पकड़ लिया। भीड़ ने दोनों के साथ मारपीट की, ओर बाइक पर डालकर जन्नत कॉलोनी में ले गए। आरोप है कि इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, ओर लोगों ने मुहल्ले में भी उनके साथ मारपीट की गई, लेकिन किसी ने उनकी एक बात नहीं सुनी। लोगों की भीड़ दोनों से उनके आधार कार्ड मांगते रहे, ओर पीड़ित अपने आप को भभीसा ओर हुरमजपुर निवासी बताते रहे। इस दौरान किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने काफी मशक्कत कर दोनों पीड़ितों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस ने दोनों पीड़ितों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।? पुलिस ने कई आरोपी हिरासत में लिए है ओर उनके कब्जे से धारदार हथियार भी बरामद किए।

# कीचड़ से हुई समस्या छमाझम बरसात से सड़को पर जलभराव

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो कई जगहों पर जल भराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन एवं देहात क्षेत्र के लोगों ने विकास खंड से संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। बुधवार की देर रात्रि नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात शुरू हो गई। बरसात होने से नगर एवं क्षेत्र के लोगों को गर्मी से राहत मिली। बरसात होने से ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर जलभराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैल गया। नगर के सरकारी अस्पताल, नगर पालिका मार्ग, घसौली मार्ग, विकासखंड कॉलोनी सहित आदि कई स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जलभराव होने से वह सड़कों पर कीचड़ फैलने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर के लोगों ने वीडियो,फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पालिका प्रशासन से निस्तारण की मांग की। देहात क्षेत्र के लोगों ने ग्राम प्रधानों सहित विकासखंड से संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। खबर लिखे जाने तक नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात का दौर जारी रहा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांचवीं वर्षगांठ पर समागम कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम 20 25 कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विकास क्षेत्र साथा पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावको हेतु परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 50 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए दी जा रही सुविधाओं के विस्तृत चर्चा की गई । स्पेशल एजुकेटर द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में बताया गया ।जिसमें मुख्य तौर पर दिव्यांग बच्चों को विद्यालय में उपलब्ध कराई जा रही सुगम्य वर्कशीट दिव्यांग छात्रवृत्ति बालिकाओं हेतु गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए एस्कॉर्ट अलाउंस गंभीर रूप से असक्षम बच्चे जो विद्यालय नहीं आ सकते उनके लिए होम बेस किट आदि शामिल हैं ।ऐसे बच्चे जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बना है। उनके लिए मेडिकल सर्टिफिकेशन कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर सुशील कुमार ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों के फिजियोथैरेपी करते हुए प्रेरित किया कि वह अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन कुछ समय एक्सरसाइज करने में समय जरूर दें। जिससे उनकी हड्डियों में डिफारमिटी को रोका जा सके ।वह दिव्यागता की तरफ जाने से रोक सके। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉक्टर रजनीश बैद्यनाथ ने बताया कि इसी प्रकार 9विकास क्षेत्र में समस्त विकास क्षेत्र में अभिभावक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। प्रत्येक परामर्श कार्यक्रम तीन चरणों का होगा इसका आयोजन ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराया जा रहा है ।निसंदेह इससे स्पेशल एजुकेटर फिजियोथैरेपिस्ट तथा विभागीय अधिकारियों से दिव्यांग बच्चों के अलावा के बीच एक सामंजस्य स्थापित होगा जिससे अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग सीआरसी गोरखपुर चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों से संबंध स्थापित करते हुए अधिक से अधिक लाभ प्रदान कराया जा सके। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर आशीष दूबे अमरनाथरंजन पीएम श्री विद्यालय गोइठहा के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्रआजाद ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर रतन कुमार सहायक लेखाकार अभिषेक शर्मा सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

# दर्जनों पर हमला कर किया घायल खूंखार कुत्तों का आतंक

वेलकम इंडिया



**कांधला संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्ते, बंदर बिल्ली सहित आदि जानवर खूंखार होते जा रहे हैं। खूंखार कुत्ते नगर एवं क्षेत्र के लोगों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं गुरुवार को दर्जनों लोगों ने अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराया। चिकित्सकों ने आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी है। विगत एक माह से लगातार नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं। कस्बा निवासी राजीव शर्मा की एक महा पूर्व कुत्ते के काटने से मौत हो गई थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव ढुडार निवासी दीपक के 9 वर्षीय बालक त्रिदेव की भी कुत्ता काटने के बाद दुखद मौत हो गई थी। आवारा कुत्ते, बिल्ली, बंदर खूंखार होते जा रहे हैं जिनके हमले से सैकड़ो लोग अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार करा रहे हैं। गुरुवार को गांव मखमूलपुर निवासी आरव, कस्बा निवासी अजहर, शकील, रविन्द्र, मोमिन, महिला शुहना, एलम निवासी फुरकान, राजपुर गढ़ी निवासी सलीम, इस्सोपुरटील निवासी प्रेम सिंह, रसूलपुर निवासी महिला परी, भभीसा निवासी उज्जवल, सहित आदि दर्जन लोगों ने बताया कि उनके ऊपर खूंखार कुत्ते व बंदरों ने हमला कर घायल किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी पीड़ितों को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर उनका उपचार किया। और बताया कि अगर कोई भी आवारा कुत्ता बंदर व बिल्ली काट लेता है तो घबराने की जरूरत नहीं तुरंत साबुन से साफ पानी में धुलाई कर उसके बाद सरकारी अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराए।

# एनयूजे प्रयागराज टीम ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज,** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) प्रयागराज की टीम ने बुधवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश पांडे (उर्फ बबुआ भैया) को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन एनयूजे के संरक्षक श्री परवेज आलम के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष राकेश पांडे ने सभी अधिवक्ता साथियों और पत्रकार संगठनों का आभार जताते हुए कहा, यह कार्यकाल मेरे लिए स्मरणीय और ऐतिहासिक होगा। मेरी प्राथमिकता नवनिर्मित एडवोकेट चेम्बर्स का सुव्यवस्थित आवंटन है। इसके साथ ही मुकदमों की लिस्टिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना, तथा हाईकोर्ट परिसर को वाई-फाई युक्त करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुविधा की रक्षा उनका दायित्व है। कोई अधिवक्ता आर्थिक तंगी से जूझे, यह मैं नहीं चाहूंगा। इस दिशा में व्यक्तिगत रूप से ठोस कदम उठाए जाएंगे। संगठन न्याय की लड़ाई में आपके साथ है जिला अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहाः एनयूजे हमेशा से न्याय और सत्य की लड़ाई में अग्रणी रहा है। अध्यक्ष जी को संगठन की ओर से शुभकामनाएं, हम हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर एनयूजे संरक्षक परवेज आलम, जिलाध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, अखिलेश शुक्ला, डॉ. सुधाकर पांडेय, आयुष श्रीवास्तव, राम बाबू, असद कुरैशी, शनि केसरवानी, रंजीत निषाद, इरफान खान, मोहम्मद नसीम, देवाशीष श्रीवास्तव, नफीस अहमद, मनोज कुमार, मो. शकील अहमद, शिव जी मालवीय, आनंद श्रीवास्तव, सत्यम निषाद, जितेन्द्र कुमार सिंह, पवन देव, गौरव त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, अनिरुद्ध त्रिपाठी, शहनवाज अहमद सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## साधन सह.समिति के सचिव पर खाद वितरण में अनियमितता का आरोप

**फखरपुर।** साधन सहकारी समिति भिलौरा बांसू के सचिव भवानी प्रसाद मिश्र आज गुरुवार को समिति पर डी ए पी व यूरिया खाद का वितरण कर रहे थे। क्षेत्र के काफी किसान खेत में खाद डालने के लिए समिति पर आए हुए थे। परन्तु सचिव भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा समानता न रखते हुए अपने कुछ चहेतों को दस से पंद्रह बोरी खाद दे दी गई। जब की छोटे व सीधे किसानों को एक बोरी खाद न देते हुए बैरंग वापस लौटा दिया गया। जिससे किसान काफी आक्रोशित हो गए और उन्होंने इसकी शिकायत ए डी ओ कोआपरेटिव को कर दी। ए डी ओ कोआपरेटिव ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की तो पता चला कि सचिव भवानी प्रसाद द्वारा कुछ लोगों को दस से पंद्रह बोरी खाद फर्जी तरीके से दे दी है। जब की अधिकतर किसानों को एक बोरी खाद भी नहीं मिली है। ए डी ओ कोआपरेटिव ने सचिव को फटकार लगाते हुए निष्पक्ष रूप से खाद वितरण करने का आदेश दिया है। क्षेत्रीय किसानों का ये भी आरोप है कि सचिव द्वारा रात्रि में मानक से अधिक मूल्य लेकर खाद की काला बाजारी की जाती है।

# पत्रकार की 10 वर्षीय बेटी के अपहरण की कोशिश नाकाम

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



मेरठ। थाना गंगानगर क्षेत्र के मीनाक्षीपुरम में ट्यूशन से लौट रही एक पत्रकार की 10 वर्षीय बेटी के साथ एक सनसनीखेज वारदात का प्रयास हुआ। एक अज्ञात युवक ने उसे अगवा करने की कोशिश की, लेकिन बच्ची की सूझबूझ और हिम्मत से बड़ी अनहोनी टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक बच्ची को बातों में उलझाकर बाइक पर बैठाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन बच्ची ने स्थिति को भांपते हुए साहस के साथ विरोध किया और वहां से भागकर घर पहुंच गई। उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें आरोपी युवक की तस्वीर स्पष्ट रूप से कैद हुई है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटना से आक्रोशित पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के बैनर तले गंगानगर थाने का घेराव किया। संगठन ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया। चेतावनी दी गई कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय चौधरी ने कहा, जब पत्रकारों के परिवार भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है? प्रशासन को तत्काल प्रभाव से आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे और उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

# दबंगों के खिलाफ विधवा महिला की न्याय की मांग, प्रशासन पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरसः** एक विधवा महिला ने अपनी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के पास न्याय की गुहार लगाई है। रेलवे कॉलोनी, हाथरस निवासी कुसुम पत्नी स्वर्गीय तेज सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उन्होंने मौजा नगला दना, थाना चंदपा स्थित खाता संख्या 8, खसरा संख्या 30, रकबा 1.279 हेक्टेयर कृषि भूमि बैनामा द्वारा खरीदी थी। कुसुम का कहना है कि उनके पति के आकस्मिक निधन के बाद यही जमीन उनके और उनके बच्चों के जीवनयापन का एकमात्र माध्यम है। लेकिन, कुछ दबंग लोग जिनका संबंध नगला दना से है, लगातार उन्हें और उनके बच्चों को डरा-धमका रहे हैं और उनकी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने बताया कि हाल ही में जब वह अपने खेत की देखभाल करने गई थीं, तो दबंगों ने पुलिस की मदद से उन्हें वहां से भगा दिया और उनके बच्चों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। इससे उनका परिवार भयभीत है। कुसुम ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि विपक्षियों द्वारा उनकी जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य रोका जाए और थाना चंदपा पुलिस को आदेश दिए जाएं कि वे उन्हें उनकी भूमि पर वैधानिक कब्जा दिलाने में सहायता करें, साथ ही उनकी जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस मामले में किसान यूनियन भानू के प्रदेश संगठन मंत्री सतेन्द्र सिंह और उनके कार्यकर्ताओं ने घटना स्थल पर पहुंचकर महिला को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रदेश मंत्री ने यह भी कहा कि यदि विधवा महिला को न्याय नहीं मिला, तो संगठन बड़ा धरना आयोजित करेगा और उनकी पूरी मदद करेगा। यह घटना न केवल कुसुम के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए चिंता का विषय बन गई है, और अब सभी की नजरें जिलाधिकारी और स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# फर्जी विजिलेंस टीम लेकर चेकिंग करने पहुँचा एसडीओ का ड्राइवर, ग्रामीणों ने की धुनाई

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव फरौली में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ अज्ञात लोग खुद को बिजली विभाग का विजिलेंस बताकर घरों में घुस गए और वसूली का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों की सूझबूझ से इनमें से चार लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी (वढ86अट8174) जिस पर 'उत्तर प्रदेश सरकार' और 'एसडीओ' लिखा हुआ था, फरौली गांव के प्राइमरी स्कूल के पास आकर रुकी। गाड़ी से उतरे 7 लोगों का एक समूह गांव में घुस गया। उन्होंने घरों में प्रवेश कर महिलाओं से, जो उस समय खाना खा रही थीं, पैसे की मांग की। पैसे न देने पर उन्होंने बिजली कनेक्शन काटने की धमकी दी। ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग नशे में धुत लग रहे थे। शक होने पर ग्रामीणों ने उन्हें घेरना शुरू किया तो उनमें से 3 लोग भागने में सफल रहे, जबकि 4 लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान प्रवीण शर्मा उर्फ तुलसी पुत्र मोर मुकुट शर्मा (निवासी तिलौठी, थाना सासनी), जगदीश शर्मा पुत्र रामसेवक शर्मा (निवासी लुटसान, थाना सासनी), आशू शर्मा पुत्र किशनलाल शर्मा (निवासी तिलौठी, थाना सासनी) और हेमंत प्रताप पुत्र विजेंद्र पाल सिंह (निवासी नगला रामबल, थाना सासनी) के रूप में हुई है। पकड़े जाने पर इन लोगों ने खुद को विजिलेंस टीम का सदस्य बताया और ग्रामीणों को धमकियां देने लगे।

जब उनसे पहचान पत्र दिखाने को कहा गया तो वे भागने का प्रयास करने लगे।

## 12 घंटे में दो ट्रक हादसे, एक में लगी भीषण आग, दूसरा डिवाइडर में घुसा



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बुधवार देर रात और गुरुवार सुबह शहर में दो अलग-अलग ट्रक हादसे हुए, जिनमें से एक ट्रक में आग लग गई, जबकि दूसरे हादसे में ब्रेक फेल होने से ट्रक डिवाइडर में जा घुसा। पहली घटना बुधवार रात करीब 12 बजे की है, जब चौपुला चौराहे से गन्ना मिल की ओर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक में लोहे की भारी टुकड़ियाँ भरी हुई थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक में तुरंत आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे के बख्त गनीमत रही की आसपास अधिक भीड़ नहीं थी, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इस हादसे के बाद ट्रक चालक और हेल्पर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे की है। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के खाड़का गांव निवासी ट्रक चालक गुड्डू हल्द्वानी से रेता भरकर आंवला की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कोहड़ापीर होते हुए शहर कोतवाली के सामने पहुंचे, एक गाय अचानक सड़क पर उनके सामने आ गई। गाय को बचाने के चक्कर में जब चालक ने ब्रेक लगाए तो ब्रेक फेल हो गए और ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि चालक और हेल्पर को कोई गंभीर चोट नहीं आई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला और स्थिति को नियंत्रित किया।

## शराब के नशे में पति ने की गर्भवती पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र के गांव मगरासा में बुधवार रात शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, उससे पहले ही आरोपी भाग निकला। पुलिस हत्यारोपी पति की तलाश में जुटी है। भुता थाना के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के मुताबिक लोगों से पूछताछ में पता लगा है कि सोमपाल नाम का युवक शराब का आदि है। वह अक्सर नशा करके अपनी पत्नी से गाली-गलौज और पिटाई करता था। बुधवार रात वह शराब पीकर घर आया और फिर अपनी गर्भवती पत्नी सुमन (25) से गाली-गलौज करने लगा। सुमन ने जब इसका विरोध किया तो सोमपाल ने उसको लाठी से बुरी तरह पीटा। चीख-पुकार पर भी कोई सुमन को बचाने नहीं आया। इसी बीच दिव्यांग सास कमलेश्वरी अपनी बहू को जब बचाने पहुंचीं तो सोमपाल ने उन्हें शौचालय में बंद कर दिया। इस दौरान सुमन की मौत हो गई। जिसके बाद आरोपी घर से फरार हो गया। गुरुवार सुबह इस घटना की पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद थाना भुता प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं।

# रजिस्ट्री प्रक्रिया में बदलाव के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन तेज

वेलकम इंडिया



**कैसरगंज (बहराइच)** तहसील कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में हाल ही में हुए बदलावों के विरोध में बुधवार को उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि बैनामा रजिस्ट्री में क्रेता-विक्रेता के सत्यापन हेतु ओटीपी, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि की अनिवार्यता से आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यह परिवर्तन अधिवक्ताओं के हितों के भी विपरीत है।कैसरगंज अधिवक्ता संघ ने 29 जुलाई को अपने बार भवन में बैठक कर निर्णय लिया था कि इन बदलावों के विरोध में तीन दिन (29 से 31 जुलाई) तक रजिस्ट्री कार्य से पूर्ण विराम लिया जाएगा। इसी क्रम में अधिवक्ताओं ने 31 जुलाई को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और एकता का संदेश देते हुए ₹अधिवक्ता एकता ज़िंदाबाद₹ के नारे लगाए। प्रशासन ने लिया संज्ञान, फिर भी बदलाव पर संशय बरकरार सबरजिस्ट्रार कैसरगंज प्रज्ञा यादव ने बताया कि प्रदर्शन से संबंधित पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है, जिसे उच्चाधिकारियों को तत्काल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि बदलाव से जमीनी स्तर पर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनकी जानकारी उन्होंने ऊपर तक पहुंचाई है, लेकिन उच्चाधिकारियों का कहना है कि फिलहाल बदलाव में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा अधिवक्ता संघ कैसरगंज के महामंत्री अजय प्रताप सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन पूर्व निर्धारित था, जो वर्तमान में चल रहा है। आगे की रणनीति पर पुनः बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

## किराने की दुकान में सेंध लगाकर लाखों का माल व नगदी पर हाथ साफ

वेलकम इंडिया




**फखरपुर बहराइच।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठवाल कला चौराहे पर स्थित अल्ताफ किराना स्टोर पर 31 जुलाई 25 की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया बताया जा रहा है कि दुकान के पीछे से सेंड लगाकर चोरों ने लाखों का सामान व गले में रखी 50000 की नगदी पर हाथ साफ कर दिया घटना की जानकारी सुबह दुकानदार अल्ताफ पुत्र सब्बन ने दुकान खोलते समय उपरोक्त दुकानदार को हुई तुरंत अल्ताफ ने स्थानीय थाना फखरपुर व डायल 112 को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है उपरोक्त मामले के संबंध में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश राय ने बताया कि पीड़ित से तहरीर मंगाईं गई है और मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# एनसीआरटीसी ने जेएफपीआर के तहत किया सहायक एवं उद्यमिता उपकरण वितरण अभियान का आयोजन

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




एनसीआरटीसी ने गुरुवार को विशेष रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहायक और उद्यमिता उपकरणों का वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन जापान फंड फॉर प्रॉस्पेरस एंड रेजिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक (जेएफपीआर) के तहत एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी की निदेशक (वित्त) श्रीमती नमिता मेहरोत्रा और एडीबी की कंट्री हेड सुश्री मियो ओका समेत एनसीआरटीसी और एडीबी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस पहल के तहत दिव्यांगजनों को 108 व्हीलचेयर वितरित की गईं, जिससे उनकी गतिशीलता व आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। दैनिक गतिविधियों, परिवहन और कार्यस्थलों तक पहुँचने में आसानी होगी। इसके साथ ही वे सामाजिक और पेशेवर क्षेत्रों में अधिक सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे और रोजगार के नए अवसरों तक उनकी पहुँच भी आसान होगी। वहीं, इस कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को 24 सिलाई मशीनें भी प्रदान की गईं, ताकि उन्हें स्वरोजगार और कौशल आधारित आजीविका के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यह प्रयास महिलाओं में उद्यमिता कौशल विकसित करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है।

ये मशीनें उनके आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनेंगी, जिससे वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिरता में योगदान कर सकेंगी और सामुदायिक विकास को आगे बढ़ाने में भी सहयोग कर सकेंगी।

# पत्रकार की 10 वर्षीय बेटी के अपहरण का प्रयास विफल साहस और सूझबूझ से बचाई अपनी जान

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** थाना गंगानगर क्षेत्र के मीनाक्षीपुरम में उस समय हड़कंप मच गया जब ट्यूशन से घर लौट रही पत्रकार की 10 वर्षीय बेटी के अपहरण का प्रयास किया गया। मासूम बच्ची ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए आरोपी की मंशा को भांप लिया और साहसपूर्वक प्रतिरोध करते हुए बड़ी घटना को टाल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्यूशन से लौट रही बच्ची को एक अज्ञात व्यक्ति ने रास्ते में रोककर बातचीत शुरू की और आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए उसे बहाने से बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही। बच्ची ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझा और साफ इंकार कर दिया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी बच्ची ने घर पहुंचकर अपने पिता को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। कैमरे में आरोपी की स्पष्ट तस्वीर कैद हो गई है, जिसके आधार पर जांच तेज कर दी गई है। घटना से आक्रोशित उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के प्रतिनिधिमंडल ने गंगानगर थाने पर पहुंचकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। संगठन ने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि यदि समय रहते आरोपी की पहचान कर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

# क्षेत्रीय अंतरविद्यालयी बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एवं कराटे प्रतियोगिता आयोजित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में अंतर विद्यालयी क्षेत्रीय कराटे, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस, प्रतियोगिताओ का आयोजन कराया गया। जिसमें रुक्मणी मोदी महिला इंटर कॉलेज, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी, पी बी ए एस इंटर कॉलेज, चौधरी चरण सिंह जनता इंटर कालेज पतला, जी आइ सी कलछीना, जनता पब्लिक स्कूल, विवेक इंटर कॉलेज गोविंदपुरी, आर्य वैदिक इंटर कॉलेज एवं डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के अंडर-19 बालक वर्ग, अंडर-17 बालक वर्ग, अंडर-14 बालक वर्ग, अंडर-19 बालिका वर्ग, अंडर-17 बालिका एवं अंडर-14 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने किया। बैडमिंटन के अंडर-19 बालक वर्ग में डॉ के एन मोदी के आयुष गुप्ता ने चौधरी चरण सिंह पतला के आदित्य राठी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के ही अंडर-17 बालक वर्ग में डॉ के एन मोदी के निशान्त प्रथम एवं निखिल द्वितीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन के अंडर-19 बालिका वर्ग में जी आइ सी कलछीना की इशा प्रथम एवं शहरीन द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन के अंडर 17 बालिका वर्ग में रूकमणि मोदी महिला इंटर कॉलेज की कशिश प्रथम तथा जी आइ सी कलछीना की आकांक्षा द्वितीय स्थान पर रही। टेबल टेनिस के अंडर-19 बालक वर्ग में डॉ के एन मोदी के नूरअबदीन प्रथम तथा रफीकुल द्वितीय स्थान पर रहे।टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में डॉ के एन मोदी के अली प्रथम स्थान पर रहे। टेबल टेनिस के अंडर-14 बालक वर्ग में पी बी ए एस इ कॉलेज के दक्ष प्रथम तथा डॉ के एन मोदी के सोलीमुद्दीन द्वितीय स्थान पर रहे। कराटे प्रतियोगिता में डॉ के एन मोदी के हर्ष, वंश, रिषभ, आयुष, कृष सैनी, आलोक, महर्षि दयानंद इ० कॉलेज के यस त्यागी, अतुल, आर्य वैदिक इंटर कॉलेज के दीपांशु, जनता पब्लिक स्कूल के शुभम आदि ने अपने अपने वर्गों में अपने मुकाबले जीते।प्रतियोगिता को सफल बनाने में मोदी कॉलेज के खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, दीप्ति उज्जवल, सोनी यादव, प्रवीण जैनर, लै० राजीव जांगिड़, जयवर्धन सिंह, बाबूराम, राजेश, गौरव त्यागी, शिवम् आदि का सहयोग रहा।



# मकान का ताला तोड़े जाने के मामले में क्षत्रिय समाज ने की निष्पक्ष जांच की मांग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कृष्णपुरा में एक मकान का ताला तोड़े जाने के मामले में हुई एफआईआर के मामले में क्षत्रिय समाज ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। क्षत्रिय समाज मोदीनगर के अध्यक्ष अशोक चौहान ने एक लिखित प्रेस नोट में कहा है कि क्षत्रिय समाज के ठाकुर बृजेश कुमार के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा एक एफआईआर की गई है। जिसमें उनके ऊपर अपनी मकान का ताला तोड़कर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। अशोक चौहान ने इस मामले में पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित बृजेश कुमार के खिलाफ कोई अनुचित कार्रवाई की गई तो क्षत्रिय समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा पत्रकार वार्ता में क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण तोमर, क्षत्रिय समाज के संरक्षक ठाकुर बलदेव सिंह, नगर संयोजक ठाकुर मुकेश चौहान' नगर प्रभारी ठाकुर खुशहाल सिंह के अलावा जीवन सिंह, क्षत्रिय महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महासचिव मुकेश चौहान, मेहताब चौहान धीरज सिंह सोनू चौहान अजय चौहान रवि राघव दीपक आशीष राणा आलोक सोम अनुज राणा रवि प्रशांत सोलंकी आदि समाज के लोग मौजूद थे।

# बिजली कटौती और बढ़ती दरों के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अघोषित बिजली कटौती और प्रस्तावित विद्युत दर वृद्धि से त्रस्त व्यापारियों का गुस्सा गुरुवार को सड़कों पर फूट पड़ा। उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपते हुए बिजली संकट पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मंडल के जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा कि गाजियाबाद ही नहीं, पूरा प्रदेश बिजली संकट से जूझ रहा है। बिजली कटौती अब रोज की समस्या बन चुकी है। गर्मी में जनता बेहाल है और व्यापारी वर्ग की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में दरें बढ़ाना सरासर अन्याय होगा। उन्होंने विद्युत दर बढ़ाने के प्रस्ताव को जनविरोधी करार देते हुए फिक्स चार्ज को भी समाप्त करने की मांग की, ताकि आम जनता को महंगाई से कुछ राहत मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिजली की आंखमिचौली से उद्योग, दुकानें और छोटे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कटौती के कारण मशीनें बंद हो जाती हैं, ग्राहक लौट जाते हैं, और नुकसान सिर्फ व्यापारियों का ही नहीं, सरकार के राजस्व का भी होता है। प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्पष्ट किया गया कि अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से आशीष शर्मा, श्याम किशोर, विजेंद्र कुमार, पवन त्रिपाठी, भगत सिंह मनराल और शहजाद चौधरी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बिजली संकट का समाधान और विद्युत दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की।

# निमार्णाधीन केन्द्रीयकृत रसोईघर का मुख्य विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा जनपद गाजियाबाद के परिषदीय, सहायता प्राप्त, माध्यमिक, समाज कल्याण द्वारा संचालित एवं राजकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण हेतु सारा रोड गोविन्दपुरी मोदीनगर में निमार्णाधीन स्वयं सेवी संस्था अक्षयपात्र की केन्द्रीयकृत रसोईघर का गहनता से स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त किचिन निर्माण प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह अप्रेल 2026 से कक्षा 1 से कक्षा-8 तक जनपद में अध्ययनरत लगभग एक लाख बच्चों को भोजन का वितरण आरम्भ कर दिया जायेगा, तथा किचिन निर्माण में लगभग 50 करोड की धनराशि का खर्च आयेगा। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 15 करोड एवं अन्य धनराशि स्वयं सेवी संस्था द्वारा स्वंय वहन किये जायेगें। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ०पी० यादव द्वारा ग्राम तालहटा में निमार्णाधीन मुख्यमन्त्री मॉडल विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसका निर्माण जल निगम द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमन्त्री मॉडल विद्यालय का निर्माण कार्य दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उक्त विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक की बालक-बालिका सह शिक्षा प्रदान की जायेगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को दूर-दराज पढने के लिए नहीं जाना पडेगा। बच्चों को उच्च गुणवत्ता की पढ़ाई प्रदान की जायेगी। निमार्णाधीन विद्यालय निरीक्षण समय ही माननीय विधायक मोदीनगर डॉ० मंजू शिवाच एवं प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचिता सिंह भी मौके पर पहुंची तथा निर्माण के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ०पी०यादव व अन्य अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम मुकीमपुर में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय भवन में शोचालय, कक्षा-कक्ष, हॉस्टल, गार्ड कक्ष आदि का निरीक्षण कर वार्डन को साफ-सफाई, गुणवत्ता युक्त मैन्यू अनुसार भोजन, कम्प्यूटर शिक्षा, आदि बालिकाओं को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद ओ०पी०यादव, खण्ड विकास अधिकारी भोजपुर श्री पीयूष राय, जिला समन्यवय मध्यान्ह भोजन टिंकु कंसल, पवन कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

# भाकियू कृषक शक्ति ने अधिकारियों की वादाखिलाफी व अनदेखी का आरोप यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर दिया धरना



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ ग्रेटर नोएडा में संयुक्त किसान संगठनों का प्रदर्शन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय और यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर एक साथ शुरू हुआ। यमुना प्राधिकरण से प्रभावित सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और निजी वाहनों से जीरो पॉइंट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने अधिकारियों पर वादाखिलाफी और किसानों के अधिकारों की अनदेखी का आरोप लगाया। इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे जीरो पॉइंट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। किसानों के हाथों में हरे झंडे थे और जय जवान जय किसान के नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रदर्शनकारी किसनों ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन किया जाएगा। आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति की महापंचायत रुणिचा अंडरपास ग्रेटर नोएडा पर हुई जिसमें शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी मनोज यादव प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश कपिल गोस्वामी प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा संदीप यादव प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन पहलवान प्रदेश उपाध्यक्ष शिव भाटी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा जिला अध्यक्ष करण ठाकुर बुलंदशहर वह हापुड़ जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह मेरठ से अशोक गुर्जर व उनकी टीम और उनकी टीम मीडिया मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह तोमर और करण चौहान अभिषेक कुमार और मीडिया की समस्त टीम उपस्थित रही।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने एसपीओ का किया सम्मान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के तत्वधान में स्पेशल पुलिस ऑफिसर सम्मान समारोह का भव्य किया गया। इस गरिमा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज सेवा शांति व्यवस्था एवं कावड़ यात्रा के सफल संचालन में सहयोग देने वाले स्पेशल पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करना था। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने बताया कि इस अवसर पर डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी एवं एसीपी ज्ञान प्रकाश राय व कोतवाल मोदीनगर नरेश कुमार शर्मा की उपस्थिति और संरक्षण में कार्य क्रम का संचालन हुआ। जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद गोड एवं वरिष्ठ पुलिस ऑफिसर, वरिष्ठ समाजसेवी मूलचंद गर्ग, पूर्व मंत्री रामकिशोर अग्रवाल एवं पतंजलि वैलनेस सेंटर के प्रतिनिधि स्वामी आरोग्य देव जी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के सभी पदाधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

# गुम हुए 150 मोबाइल वापस, 30 लाख की बरामदगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर गुम हुए मोबाइल फोन को ढूंढ निकालना किसी सुई को भूसे में खोजने जैसा है, लेकिन गाजियाबाद की राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने इस नामुमकिन काम को मुमकिन कर दिखाया। जीआरपी ने 150 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया, जिनकी कुल कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है। इनमें आईफोन, वनप्लस जैसे महंगे ब्रांड भी शामिल हैं। सीओ सुदेश गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के मोबाइल गुम हो जाते हैं, जिनकी गुमशुदगी जीआरपी थानों या ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कराई जाती है। कई शिकायतें कई साल पुरानी थीं, लेकिन जीआरपी ने हर केस को गंभीरता से लिया। थाना प्रभारी नवरत्न गौतम और दरोगा सुधीर राठी के नेतृत्व में विशेष टीम ने सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण के जरिए मोबाइल की लोकेशन ट्रैक की। इसके बाद पुलिस ने बिहार, बंगाल जैसे राज्यों तक जाकर मोबाइल बरामद किए। मोबाइल लौटाए जाने के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले। अरुण नामक व्यक्ति, जिनका मोबाइल काफी समय पहले गुम हो गया था, ने कहा मैंने उम्मीद ही छोड़ दी थी, लेकिन जीआरपी ने मुझे मेरा फोन वापस दिला दिया। वहीं सीटू कुमार, जो बिहार के सिरसा जिले से आए थे, ने बताया कि उनका वनप्लस मोबाइल गुम हो गया था, जिसे पाकर वह बेहद खुश हैं।

# जिला पंचायत सदस्य कायनात फातमा ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां पर उठाई आशा बहुओं के भुगतान व मरीजों के साथ हो रही लापरवाही की समस्या



मुहम्मद परवेज अख्तर

**संतकबीरनगर।** वार्ड नंबर 9 से जिला पंचायत सदस्य कायनात फातमा, जो कि एक शिक्षित, जागरूक और जमीनी स्तर पर सक्रिय महिला जनप्रतिनिधि हैं, उन्होंने आज सेमरियावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा जी एवं इअट, इउढट अधिकारियों से मुलाकात कर आशा बहुओं के भुगतान में हो रही देरी और मरीजों के इलाज में बरती जा रही लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। कायनात फातमा ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि इन दोनों मुद्दों को हल्के में न लिया जाए, क्योंकि यह सीधे आम जनता के स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ा विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा मैं स्वयं जिले के डीएम और सीएमओ से मिलकर इस पूरे मामले को उनके संज्ञान में लाऊंगी। कायनात फातिमा ने बताया कि उन्हें दिशा (ऊकरऌअ) समिति की बैठक में महिला जनप्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है, ताकि वे महिलाओं की जमीनी समस्याओं को उचित मंच पर उठा सकें और समाधान सुनिश्चित करवा सकें। उन्होंने कहा मैं सिर्फ प्रतिनिधि नहीं, एक ज़िम्मेदार आवाज हूं। अपने क्षेत्र की जनता, विशेषकर महिलाओं की हर समस्या के समाधान के लिए मैं हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हूं। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उनके साथ उपस्थित रहीं, जिन्होंने कायनात फातमा जी के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि उन्हें अब अपनी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल देखने को मिलेगी और और जल्द ही उनके समस्या का समाधान होगा।

# गोस्वामी तुलसीदास की अनमोल धरोहर है श्रीरामचरितमानस :अशोक शास्त्री

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** हिंदी साहित्य भारती (अंतर्राष्ट्रीय) के तत्वाधान में श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर प? एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ मोदीनगर प? किया गया। महाकवि तुलसीदास की जयंती कार्यक्रम में पधारे प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु पूज्य अशोक शास्त्री ₹प्रयासी₹ ने गोस्वामी तुलसीदास की जीवन यात्रा का दर्शन कराते हुए उनके द्वारा रचित महाग्रंथ श्रीरामचरितमास के विषय में बताया कि किस प्रकार यह पवित्र ग्रंथ गृहस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। ₹प्रयासी जी₹ ने कहा कि कलयुग में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा कृत श्रीरामचरितमानस मनुष्यों के लिए एक अनमोल धरोहर है। जिसके दर्शन/अध्ययन मात्र से ही मानव अपने जीवन में आने वाली तमाम समस्याओं का स्वतः ही समाधान कर सकता है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस रूपी एक ऐसी नौका का निर्माण किया है। जिसमें सवार होकर सभी पापात्माएं व पुण्यात्माएं इस भवसागर से पार उतर सकती हैं। इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित धर्मप्रेमियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर धर्म लाभ उठाया। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच, नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैशाली गायत्री शक्तिपीठ के कोषाध्यक्ष सुशील बिंदल श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास के सचिव देवेंद्र गर्ग, संयोजक प्रिन्स कंसल, पराग जैन, कृष्ण कुमार गोयल, नीरज गुप्त, विशाल गुप्ता, विमल कुमार, बालकिशोर त्यागी, प्रोफेसर नवेन्द्र गौड़, श्रीचंद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मनोज सिंघल, मोहित कुमार, मालती कंसल, दिशा कंसल, ज्योति जैन, नताशा गोयल, मोनिका अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, संगीता दारुका, कुमारी नीतू, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए।



# बारिश बनी अग्निपरीक्षा, नगर आयुक्त ने आधी रात को टीम को किया अलर्ट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में बुधवार की रात हुई तेज बारिश के बीच जब शहर की सड़कें जलभराव से जूझने लगीं, उस वक्त गाजियाबाद नगर निगम की टीम व्यवस्था में जुटी रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम अधिकारी पूरी रात सड़कों पर डटे रहे। जलभराव के संभावित हॉटस्पॉट्स पर 90 से अधिक पंप सेट लगाकर जल निकासी का कार्य कराया गया, जिससे सुबह तक अधिकांश क्षेत्रों में राहत मिल गई। जैसे ही बारिश ने रफ्तार पकड़ी, नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य और जलकल विभाग की संयुक्त टीमों को अलर्ट कर दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि मैंने रात में ही सभी अधिकारियों को फील्ड में भेजा, ताकि जलभराव की स्थिति न बने। जलनिकासी के लिए अतिरिक्त उपकरण और मैनपॉवर लगाया गया। यूपी गेट, डायमंड फ्लाईओवर, भोपुरा, लालकुआं, अप्सरा बॉर्डर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में 90 से अधिक पंप सेट से जलनिकासी कराई गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने रातभर निगरानी की। सुबह होते-होते ज्यादातर स्थानों पर सामान्य स्थिति बहाल हो गई। प्रातःकाल होते ही गुरुवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टीम के साथ गौशाला अंडरपास, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, और सुशांत एक्वापोलिस क्षेत्रों का निरीक्षण किया। गौशाला अंडरपास में जलभराव नहीं मिला, जो समय से की गई कार्रवाई का प्रमाण था। निरीक्षण के दौरान सुशांत एक्वापोलिस और डूंडाहेड़ा क्रॉसिंग पर सड़क धंसने की घटना सामने आई। क्षेत्रीय निवासियों ने बताया कि यह पूरी तरह से बिल्डर की लापरवाही है। एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की अनुपलब्धता के चलते हादसा हुआ है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि इस दुर्घटना में नगर निगम की कोई भूमिका नहीं है। संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र, मुख्य अभियंता नरेंद्र चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, और आश कुमार सहित पूरी टीम ने रातभर फील्ड में रहकर निगरानी की। नगर आयुक्त ने टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए। नगर निगम की रात्रिकालीन मुस्तैदी ने साबित किया कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और समयबद्ध कार्रवाई से किसी भी आपदा को नियंत्रण में लाया जा सकता है। रहवासियों और व्यापारियों ने नगर निगम की त्वरित कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र ने पूरी रात फील्ड से टीम की निगरानी की। नगर आयुक्त ने सभी टीमों को सराहते हुए निर्देश दिए कि बरसात का मौसम है, 24&7 अलर्ट रहना होगा। निगम को जनता की आंखों में भरोसा बनकर दिखना है।

गाजियाबाद नगर निगम ने यह सिद्ध किया कि यदि इच्छाशक्ति हो और टीम वर्क सही दिशा में चले, तो आपदा भी अवसर में बदली जा सकती है। बारिश तो भारी थी, पर व्यवस्था उससे कहीं ज्यादा मजबूत निकली।

# हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की गाजियाबाद में हुई बड़ी मीटिंग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबादः** गाजियाबाद महानगर के नंद ग्राम मंडल में राज नगर एक्सटेंशन में हिन्दू युवा वाहिनी महानगर के पदाधिकारी की बैठक हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर के अध्यक्ष राकेश कोरी जी के नेतृत्व में संपन्न हुए जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह तोमर सहित महानगर के और मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे महानगर के प्रभारी नरेश भटनागर, संयोजक अनूप खन्ना, उपाध्यक्ष गौरव नंदा, शिव कुमार जी उज्जवल त्यागी जी मंडल के अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रभारी अजय पाल चंदेल से प्रभारी महावीर शर्मा महामंत्री गौरव मिश्रा, सहित कार्यकर्ता उपस्थित है।

# सरकारी नौकरी का झांसा और 57 लाख की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** न्यायालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 57 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना करीब एक दशक पुरानी है, लेकिन आरोपी लगातार पीड़ित को झांसे में रखकर रकम ऐंठते रहे। अब कोर्ट के आदेश पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

खन्ना नगर कॉलोनी निवासी परवेज आलम ने बताया कि वह वर्ष 2014 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात प्रयागराज के शमीम सिद्दीकी और मोहम्मद कैफ से हुई। दोनों ने उन्हें न्यायालय में सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया और धीरे-धीरे उनसे 22 लाख रुपये बैंक खातों में और 35 लाख रुपये नकद ले लिए। वर्ष 2016 में आरोपियों ने परवेज को एक फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी ज्वाइनिंग हो जाएगी। परंतु समय बीतने के बाद भी जब नियुक्ति नहीं हुई तो परवेज को संदेह हुआ। जांच करने पर पता चला कि आरोपियों पर पहले से ही कई जिलों में धोखाधड़ी और फजीर्वाड़े के मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने मार्च 2025 में इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय, पुलिस महानिदेशक समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर अब मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो गई है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि प्रयागराज निवासी शमीम सिद्दीकी, मो. आलिम, मो. कैफ, सुमन सिंह, राघवेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र यादव और रमेश चंद्र यादव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आग से झुलसे नगर निगम मुख्यालय को मिलेगा नया जीवन, नगर आयुक्त ने दिए पुनर्निर्माण के निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय के सदन तथा कार्यकारिणी कक्ष में हाल ही में लगी भीषण आग के बाद अब निगम प्रशासन ने मुख्यालय को फिर से व्यवस्थित करने की कमान संभाल ली है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गुरुवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर जले हुए सदन कक्ष का निरीक्षण किया और व्यवस्था बहाल करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निगम मुख्यालय की कार्यप्रणाली में कोई बाधा न आए, इसके लिए तात्कालिक व स्थायी दोनों स्तरों पर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता (निर्माण विभाग) नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रकाश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौजूद रहीं। निरीक्षण में यह पाया गया कि आग से सदन कक्ष की संपूर्ण वायरिंग, एसी, पंखे, लाइटें, फर्नीचर



व दीवारों को भारी नुकसान हुआ है। नगर आयुक्त ने बताया कि फायर से प्रभावित संपूर्ण वायरिंग को बदला जा रहा है। प्रत्येक फ्लोर के लिए अलग-अलग लाइट डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड लगाए जा रहे हैं और एसी व अन्य भारी उपकरणों के लिए अलग से विशेष वितरण व्यवस्था तैयार की जा रही है। इस दौरान कार्यों के बाधित न होने के लिए टेम्परारी बिजली सप्लाई की व्यवस्था भी की गई है। जनरेटर की मदद से निगम मुख्यालय में सभी विभागों का काम सुचारू रूप से चल रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि आग से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए सदन कक्ष और कार्यकारिणी कक्ष का जल्द ही फिर से निर्माण कराया जाएगा। इनमें नई लाइटिंग, एयर कंडीशनिंग, पंखों और कुर्सी-मेज की आधुनिक व्यवस्था की जाएगी। बैठने की व्यवस्था को और सुव्यवस्थित व आकर्षक बनाने के लिए डिजाइन में भी बदलाव होगा। इन कक्षों को एक नई पहचान देते हुए, उन्हें सुंदर और कार्यकुशल स्वरूप में ढाला जाएगा। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि बेसमेंट की हालत भी गंभीर है, जहां की छत, दीवारें और अन्य ढांचे आग से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। नगर आयुक्त के निर्देश पर बेसमेंट को तत्काल खाली करवा कर साफ-सफाई, पेंटिंग और नई फॉल्स सीलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही इसे भी सुरक्षित और उपयोगी स्थिति में लाया जाएगा। नगर आयुक्त ने निर्माण, प्रकाश और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मौके पर मौजूद प्रकाश विभाग की टीम को वायरिंग कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साफ-सफाई और संक्रमण रोकथाम के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

नगर निगम प्रशासन की इस त्वरित और सुनियोजित कार्यवाही से यह स्पष्ट है कि गाजियाबाद नगर निगम अपनी संरचनात्मक और प्रशासनिक मजबूती के साथ जल्द ही पूरी तरह पटरी पर लौटेगा।

# युवती को बदनाम करने की गहरी साजिश, पड़ोसियों ने ही रची थी घिनौनी चाल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती को बदनाम करने और उससे मोटी रकम वसूलने के लिए पड़ोसियों ने ही षड्यंत्र रच डाला।

पहले युवती की झूठे प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई, फिर दो लाख रुपये की मांग की गई। विरोध करने पर वह वीडियो ससुराल वालों को भेज दी गई, जिससे उसका रिश्ता टूट गया और शादी टल गई। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोस में रहने वाले एक दंपति ने 2022 में अपनी बेटी की पहचान अपने ही एक रिश्तेदार से कराई। दोनों के बीच जान-पहचान बढ़ी और उसी दौरान युवती के फोटो और वीडियो चोरी-छिपे बना लिए गए। बाद में आरोपितों ने इन निजी पलों को आधार बनाकर दो लाख रुपये की मांग शुरू कर दी और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो वीडियो को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। परिवार ने युवती का रिश्ता हापुड़ के एक गांव में तय किया था और दिसंबर 2025 में शादी होनी थी। लेकिन आरोपियों ने किसी तरह ससुराल वालों का मोबाइल नंबर निकालकर अश्लील वीडियो उन्हें भेज दिए। इसके बाद लड़की के होने वाले पति और ससुर ने रिश्ता तोड़ दिया, और फोन पर साफ कह दिया कि उन्हें लड़की की चरित्रहीनता की जानकारी हो चुकी है।

# निराश्रित गोवंशों के लिए आमजन से सहयोग की अपील

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय संस्कृति में गाय को केवल एक पशु नहीं, बल्कि माता का स्थान प्राप्त है। शास्त्रों में गौमाता को सम्पूर्ण ब्रह्मांड की जननी कहा गया है। इसी भावना को मूर्त रूप देने और बेसहारा गौवंशों के जीवन में आशा की किरण जगाने के उद्देश्य से गाजियाबाद में एक पावन अभियान चलाया जा रहा है। यह प्रयास 'गाजियाबाद गोसंरक्षण एवं संवर्धन कोष समिति' द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन से गौसेवा हेतु आर्थिक सहयोग की अपील की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि गौसेवा एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिसमें भागीदारी कर हम न केवल मानवता की सेवा करते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी सार्थक बनाते हैं। उन्होंने भावभीनी अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी जागरूक




नागरिकों को आगे आकर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक छोटी-सी राशि भी किसी गोवंश के लिए नया जीवन, सुरक्षित आश्रय और पोषण का साधन बन सकती है। इस अभियान के अंतर्गत प्राप्त धनराशि का उपयोग जिले की सरकारी गौशालाओं के अधोसंरचना विकास, चारे की व्यवस्था, बीमार और घायल गौवंशों की चिकित्सा सेवाओं की सुविधा, तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किया जाएगा। यह एक पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण प्रणाली है, जिसका एकमात्र उद्देश्य बेसहारा गौवंशों को सुरक्षा, सेवा और सम्मान देना है। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने भी संयुक्त रूप से जनसामान्य से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में यथासंभव योगदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह सेवा केवल दान नहीं, बल्कि धर्म, करुणा और आत्मिक शांति का माध्यम है। जब आप किसी बेसहारा जीव के जीवन में परिवर्तन लाते हैं, तो वह कार्य ईश्वर की पूजा के समकक्ष होता है। सीडीओ ने बताया कि समिति ने इस अभियान के लिए सरल डिजिटल माध्यम भी उपलब्ध कराए हैं, जिससे लोग अपने मोबाइल $फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर या यूपीआई के माध्यम से सीधा सहयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंक खाता विवरण भी सार्वजनिक किया गया है, जिससे दान की प्रक्रिया सहज और पारदर्शी बनी रहे।

# फर्जी चालान लिंक भेजकर साइबर ठगों ने उड़ाए 5 लाख रुपये

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने गाजियाबाद में एक और बड़ी ठगी की वारदात को अंजाम देकर सुरक्षा तंत्र की नींव हिला दी है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के करहेड़ा निवासी विकेश नामक युवक के व्हाट्सएप पर भेजे गए फर्जी ट्रैफिक चालान लिंक ने उसे 4.99 लाख रुपये के नुकसान का शिकार बना दिया। पीड़ित ने जैसे ही लिंक खोला और ओटीपी दर्ज किया, उसके खाते से एक के बाद एक कर कई बार में पूरी राशि निकाल ली गई। यह घटना 23 जुलाई की है, लेकिन इसका खुलासा तब हुआ जब पीड़ित को अगले दिन अज्ञात ओटीपी आया और वह इसे लिंक में दर्ज कर बैठा। इसके बाद खाते से तेजी से राशि निकलती गई और कुछ ही मिनटों में करीब पांच लाख रुपये उड़ गए। घबराए विकेश ने तत्काल बैंक को सूचना देकर खाता बंद कराया और साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। विकेश ने पुलिस को बताया कि उसे भेजा गया लिंक ट्रैफिक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट जैसा दिख रहा था, लेकिन असल में वह एक फर्जी साइबर जाल था। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, कोई चालान नहीं खुला और उन्होंने फोन बंद कर दिया। मगर ठगों की साजिश यहीं खत्म नहीं हुई। अगले ही दिन मोबाइल पर एक ओटीपी आया, जिसे विकेश ने पिछले लिंक में दर्ज कर दिया और इसी के साथ उनका खाता खाली हो गया। यह मामला साइबर ठगी के बदलते रूप और उन्नत तकनीकी छल का उदाहरण है।

# क्रासिंग रिपब्लिक में मिटटी धंसने से कार क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान, किया मौके का का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने क्रासिंग रिपब्लिक में देररात्रि में भारी वर्षा होने के कारण एनएच 24 से साहबेरी की तरफ जाने वाला नाला ओवर फलो होने से नाले का पानी अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप के अंदर आने के कारण ग्रुप हाउससिंग भूखंड पर निर्मित एप्पल टावर के बेसमेंट में लगभग 25-25 फिट के एरिया में 15 फिट की गहराई में मिटटी धंस जाने से 15 फिट गहरा गडढा हो गया, जिससे वहां खडी गाडियां गडढे में चली जाने की घटना संज्ञान में आते ही अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियां के साथ मौके का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टावर एप्पल 7 के बेसमेंट साईड खुला हुआ है, एवं मिटटी कटाव को रोकने हेतु रिटेरिंग वाल का विकासकर्ता/निर्माणकर्ता द्वारा नहीं किया गया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशत किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नाले से सीवर लाइन से अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप में आने वाले पानी को तत्काल बंद कराया जाए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष महोदय ने ये भी निर्देशित किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नालों की सफाई कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया जाए, विकासकर्ता/निर्माणकर्ता के द्वारा बिना संपूर्ति प्रमाण प्राप्त किए टावर एप्पल 7 के आवंटियों को कब्जा दिए जाने से कारण विधिक कार्यवाही करते हुए







विकासकर्ता/निर्माणकर्ता के विरूद्ध एफआईआर व अन्य कार्यवाही तत्काल की जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत एप्पल 7 के उन आवंटियों को, जिनके द्वारा कब्जा प्राप्त कर निवास किया जा रहा है, फ्लैट खाली करने का अनुरोध किए जाने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष महोदय ने ये भी निर्देश दिए कि मिटटी धंसने के कारण बने गडढे में मिटटी भराव का कार्य तत्काल कराया जाए। अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप का तलपट मानचित्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2011 में किया गया था, जिसके अंतर्गत टाउनशिप विकसित की जानी थीं, परंतु विकासकर्ता द्वारा वर्तमान समय तक अवस्थापना सुविधाओं यथा एसटीपी, सडक, जलापूर्ति, सीवर लाइन, ड्रेनेज आदि विकास कार्य नहीं किया गया है। अवस्थापना सुविधाओं के विकसित न करने के लिए सम्पूर्ण देयता प्राधिकरण कोष में जमा करायी गई है। अवस्थापना सुविधाओं के विकसित न किए जाने एवं प्राधिकरण की देयता जमा न कराये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा विकासकर्ता के विरूद्ध थाना क्रासिंग रिपब्लिक में प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर संख्या 0065/2025 दिनांक 5 मार्च 2025 को दर्ज करायी गई है। वर्तमान मे स्थल पर प्राधिकरण टीम द्वारा सीवर को रिपेयर करा दिया गया है व मिट्टी भराई का कार्य कराया जा रहा है।

# 108 प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का संकल्प

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** क्राउड फाउंडेशन ने भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव को सहेजने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 108 प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया है। इस आशय की घोषणा गुरुवार को आरडीसी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में फाउंडेशन के प्रवक्ता राहुल चतुवेर्दी और ट्रस्टी अरविंद सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रवक्ता राहुल चतुवेर्दी ने जानकारी दी कि क्राउड फाउंडेशन वर्ष 2022 से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है और इसके संस्थापक व ट्रस्टी श्री अरविंद सिंह हैं, जिनके मार्गदर्शन में यह संस्था सेवा, संस्कृति और संवेदना का संगम बन चुकी है। अरविंद सिंह ने बताया कि फाउंडेशन को देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 5500 मंदिरों के



वीडियो प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश की स्थिति बेहद जर्जर और उपेक्षित है। कई मंदिर तो सैकड़ों वर्षों पुराने हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में आज वे खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह दृश्य अत्यंत पीड़ादायक है और इसी कारण फाउंडेशन ने 108 मंदिरों को पुर्नजीवित करने का संकल्प लिया है। श्री सिंह ने बताया कि इस दिशा में दो मंदिरों का जीर्णोद्धार कार्य पहले ही आरंभ किया जा चुका है। पहला मंदिर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, जो कि गाजियाबाद के पांडव नगर स्थित सुख सागर फार्म हाउस में स्थित है और 42 वर्षों पुराना है, उसका जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर 21 जुलाई को भव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ भक्तों के लिए समर्पित किया गया। दूसरा मंदिर छिजार्शी क्षेत्र में स्थित है, जो लगभग 30 वर्ष पुराना है। इसका जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही पूर्ण कर श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। यह कार्य सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का भी प्रयास है। क्राउड फाउंडेशन केवल मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है। गरीबों के लिए निःशुल्क भोजन, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, कम लागत में धार्मिक यात्राएं, वंचित बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा जैसे सामाजिक सेवा के क्षेत्रों को भी अपनी योजनाओं में शामिल कर रहा है। फाउंडेशन का मानना है कि मंदिरों के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार, गरीबों को सहारा और समाज को दिशा दी जा सकती है। फाउंडेशन ने इस अवसर पर यह भी स्पष्ट किया कि यदि यह प्रयास सफल रहा, तो आगे और अधिक मंदिरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। मंदिरों के नियमित संचालन से जुड़े पुजारी, रसोईया, सफाईकर्मी, गाइड आदि के माध्यम से स्थानीय लोगों को सतत रोजगार भी मिलेगा। कार्यक्रम में सागर सिंघल, ऋचा चौहान, नीरज कुमार और दीपेश यादव जैसे सहयोगी सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस कार्य को जनांदोलन का रूप देने का आह्वान किया।